संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शनिवार, 24 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संसदीय क्षेत्र वाराणसी में विकास कार्यों के उद्घाटन के उपरांत जनता को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 53 पृष्ठ: 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## कांग्रेस ने भाजपा पर लगाए हफ्ता वसूली के आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि निजी कंपनियों से भाजपा के लिए चंदा वसूलने के लिए जांच एजेंसियों का "दुरुपयोग" किया गया और इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की गई। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि वित्तीय वर्ष 2018-19 और 2022-23 के बीच भाजपा को कुल लगभग 335 करोड़ रुपये का दान देने वाली कम से कम 30 कंपनियों को केंद्रीय एजेंसियों द्वारा कार्रवाई का सामना करना पड़ा। रमेश ने कहा कि कांग्रेस के संगठन प्रभारी महासचिव के सी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को इस मुद्दे पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा। रमेश ने यह भी पूछा कि क्या सरकार भाजपा के वित्त पर "श्वेत पत्र" लाएगी, न केवल स्रोतों पर, बल्कि यह भी बताएगी कि कैसे कॉर्पोरेट कंपनियों को उनके खिलाफ जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके दान देने के लिए "मजबूर" किया गया था। उन्होंने पूछा, अगर आपके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है, तो क्या आप उन घटनाओं के 'क्रोनोलॉजी' पर बिंदु-दर-बिंदु खंडन पेश करने को तैयार हैं, जिनके कारण भाजपा का खजाना भर गया। रमेश ने कहा, यदि आप तथ्यात्मक स्पष्टीकरण देने को तैयार नहीं हैं, तो क्या आप भाजपा के लिए चंदा लूटने के इन संदिग्ध सौदों की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच के लिए खुद को पेश करने को तैयार हैं? उन्होंने कहा कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की जरूरत है। रमेश ने कहा कि ये तीन सवाल कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल द्वारा सीतारमण को लिखे पत्र में पूछे गए हैं।

**वित्त मंत्री को लिखे पत्र में पूछे कई सवाल:** सीतारमण को लिखे अपने पत्र में, वेणुगोपाल ने कहा कि मीडिया रिपोर्टों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), आयकर विभाग (आईटी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और अन्य ने उन उद्यमों पर छापा मारा या तलाशी ली और केंद्र के बाद भाजपा और कई कंपनियों के बीच कथित लेन-देन का खुलासा किया है, जिन्होंने एक अजीब संयोग में इसे दान दिया था। वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा, समाचार रिपोर्ट दान और अन्य पुख्ता सबूतों के संबंध में चुनाव आयोग के कई दस्तावेजों द्वारा प्रमाणित है। यह संस्थागत स्वतंत्रता, स्वायत्तता और केंद्रीय एजेंसियों आईटी, ईडी, सीबीआई की व्यावसायिकता पर गंभीर सवाल उठाता है। वेणुगोपाल ने कहा, तीन में से दो एजेंसियां वित्त मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आती हैं। पूरा देश जानता है कि आपकी सरकार द्वारा जांच एजेंसियों को कैसे रिमोट से नियंत्रित किया जा रहा है। 2014 के बाद से राजनेताओं के खिलाफ ईडी के मामलों में चार गुना वृद्धि इसकी गवाही देती है और 95 प्रतिशत मामले विपक्षी नेताओं के खिलाफ हैं।

# काशी का तेज विकास थमेगा नहीं: मोदी

### 'जिनके अपने होश ठिकाने नहीं वो यूपी और काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे:

**विकास कार्य**

8 बनास डेरी प्लांट सहित 13000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वाराणसी में नवनिर्मित करखियांव एग्रो पार्क में बनाए गए बनास डेरी प्लांट (अमूल) सहित 13000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। पीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये परियोजनाएं पूर्वी उप्र के विकास की राह बनेंगी और रोजगार के ढेरों अवसर बनेंगे। पीएम ने कहा कि जब मैं लोकल से वोकल कहता हूं तो बुनकरों, छोटे उद्यमियों का ब्रांड एंबेसडर बन जाता हूं। मैं पर्यटन को बढ़ावा देता हूं। जबसे नव्य-भव्य श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का पुनर्निमाण हुआ है तबसे 12 करोड़ लोग काशी आ चुके हैं। इससे होटल, ढाबा, फूल-माला सभी कारोबर से जुड़े लोगों की आय बढ़ी है। पीएम ने कहा, परिवारवाद और भ्रष्टाचार ने यूपी के विकास को रोका। आज यूपी बदल रहा है। उप्र के नौजवान जब अपना भविष्य बना रहे हैं तो ये परिवारवादी लोग विरोध कर रहे हैं। मैं ये नहीं जानता था कि कांग्रेस को प्रभु श्रीराम से इतनी नफरत है। मोदी को गाली देते-देते तो इन्होंने दो दशक बिता दिए और अब ईश्वर रूपी जनता-जनार्दन पर, यूपी के नौजवानों पर ही ये लोग अपनी कुंठा निकाल रहे हैं।

**'जिनके अपने होश ठिकाने नहीं, वो काशी-यूपी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे':** राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के युवराज ने काशी की धरती पर आकर काशी और यूपी के युवाओं को नशेड़ी कह रहे हैं। जिनके अपने होश ठिकाने नहीं, वे मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। अरे परिवारवादियों, यूपी का भविष्य युवा बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले बनारस जाम से जूझता था। जितना समय दिल्ली जाने में नहीं लगता था उससे ज्यादा समय फ्लाइट पकड़ने में लग जाता था। कल रात मैंने फुलवरिया फ्लाईओवर देखा। आज बनारस की रफ्तार कई गुना बढ़ने लगती है। बनारस डेरी में पशुपालक परिवारों से बात करने का मौका मिला।

### 'मोदी की गारंटी' पूरी करने की गारंटी दे गए पीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** पीएम ने करखियांव में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यूपी ने सारी सीटें मोदी को देने का निर्णय कर लिया है। मोदी का तीसरा कार्यकाल सबसे प्रखर कार्यकाल होने वाला है। भारत का आर्थिक, सामाजिक हर क्षेत्र बुलंदी पर होगा। भारत 11वें नंबर से ऊपर उठकर 5वें नंबर पर आया। अब तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की सबसे मजबूत शक्ति बनेगा। देश को चार लेन, छह लेन, आठ लेन की सड़कें बन रही है। वंदे भारत चल रहा है। ऐसे ही विकास कार्य आए दिन होंगे।

### 'संत रविदास के संकल्पों को पूरा करने का मिला सौभाग्य'

**गुरु** संत रविदास की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद पीएम मोदी ने मंच से जनता को संबोधित किया। उन्होंने बनारस को मिनी पंजाब कहा। कहा कि संत रविदास की कृपा से ही यह संभव है। मैं रविदास की संकल्पों को आगे बढ़ा रहा हूं। मुझे उन्होंने ही सेवा का अवसर दिया है। यह मैं अपना सौभाग्य समझता हूं। पीएम मोदी ने गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि हमारे देश में जाति के नाम पर उकसाने और उन्हें लड़ाने में भरोसा रखने वाले इंडी गठबंधन के लोग दलित, वंचित के हित की योजनाओं का विरोध करते हैं।

## किसानों का अपमान कर रही सरकार: कांग्रेस



**साधा निशाना**

8 कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों को बुलेट की गारंटी दे रहे हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने कहा कि सरकार को किसानों से जुड़े उन मुद्दों पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए जिनकी वजह से किसान संगठन आंदोलन कर रहे हैं। यही नहीं, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों को बुलेट की गारंटी दे रहे हैं।

**बुलेट की गारंटी दे रहे पीएम मोदी:** जयराम ने एक्स पर पोस्ट किया- 'किसान हमारे देश की रीढ़ हैं। किसानों के दम पर ही हम हरित क्रांति और श्वेत क्रांति लाने में सक्षम हुए। इनकी मेहनत की वजह से ही कृषि के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बना। आज वही किसान जब एमएसपी की गारंटी मांग रहे हैं तब प्रधानमंत्री मोदी उन्हें बुलेट की गारंटी दे रहे हैं।'

**किसानों का अपमान कर रही सरकार:** उन्होंने कहा कि किसानों पर आंसू गैस के गोले दागना और गोली चलाना अन्याय की पराकाष्ठा है। यह सरकार चंदादाताओं का सम्मान और किसानों का अपमान कर रही है। कुछ ऐसा ही सलूक युवाओं के साथ हो रहा है। जब वे रोजगार की मांग करते हैं तब उन पर लाठियां बरसाई जाती हैं। अग्निपथ जैसी योजनाओं से उनका भविष्य बर्बाद किया जा रहा है।

## हरियाणा: 'मनोहर बजट' में 'जय जवान जय किसान'

### निर्धन वर्ग को राहत, आयुष्मान भारत योजना का दस लाख रुपए सालाना तक विस्तार

**बजट में वृद्धि**

8 पिछले सत्र के बजट प्रस्तावों के मुकाबले इस बजट में 11.37 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई गई है



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में अपने दूसरे कार्यकाल में वर्ष 2024 25 का 1 लाख 89 हजार 876.61 करोड़ का बजट पेश किया। चुनावी वर्ष होने के साथ मनोहर लाल के दूसरे कार्यकाल का यह अंतिम बजट है। पिछले सत्र के बजट प्रस्तावों के मुकाबले इस बजट में 11.37 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई गई है। बजट में कोई नया कर नही लगाया गया है। लेकिन बजट में 10,918.58करोड़ का प्रभावी राजस्व घाटा और राजकोषीय घाटा 33 हजार 634.50 करोड़ का दिखाया गया है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राजकोषीय घाटा प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद के मुकाबले अनुमेय सीमा में है।अलबत्ता चुनावी वर्ष का बजट होने के कारण मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री मनोहर लाल ने बजट को लोकहितकारी रूप देने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने बजट में प्रावधान किया कि 30सितंबर 2023तक प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के जरिए लिए गए कृषि ऋण की मूल राशि का भुगतान 31 मई 2024 तक करने पर ब्याज और जुमार्ना माफ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि 5लाख 47हजार995किसानो का 1हजार 739करोड़ ब्याज और जुमार्ना बनता है।नहरी पानी पर निर्भर किसानो को राहत देते हुए मुख्यमंत्री ने 1अप्रैल 2024से आबियाना बंद करने का ऐलान किया।

## गोपनीय सूचना लीक' मामले में महुआ मोइत्रा को नहीं मिली राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ईडी की विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) से संबंधित किसी भी गोपनीय, असत्यापित जानकारी को मीडिया में लीक करने से रोकने की मांग वाली तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा की याचिका को दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने सभी पक्षों को सुनने के बाद गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले, दिल्ली हाईकोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।



गुरु संत रविदास की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद पीएम मोदी और सीएम योगी जनता का अभिवादन स्वीकार करत हुए।

## 'भाजपा न नौकरी देना चाहती है, न आरक्षण'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की प्री परीक्षा का पेपर लीक होने के आक्रोशित प्रतियोगी छात्र परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर प्रयागराज में लोक सेवा आयोग के बाहर प्रदर्शन कर रहे है। पेपर लीक और छात्रों के प्रदर्शन को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार को घेरा है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा किसी भी परीक्षा को पूरा नहीं करना चाहती है। अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा, "इलाहाबाद लोकसेवा आयोग पर प्रतियोगी छात्रों का जो आंदोलन चल रहा है हम उनके साथ हैं।

## उद्योगों को बंद करने की बताएं स्पष्ट वजह: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कौन से नियमों का उल्लंघन किया है, इसको बताए बिना किसी उद्योग को बंद करने से कंपनी में किए गए निवेश पर असर पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु के थूथुकडी में स्मेल्टिंग संयंत्र को बंद करने के खिलाफ वेदांत समूह की कंपनी स्टरलाइट कॉपर की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी भी कंपनी को मौजूदा कानूनों और पर्यावरण मानदंडों का पालन करना होगा। तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार ने तांबा संयंत्र बंद नहीं किया है बल्कि केवल पर्यावरण संबंधी चिंताओं के कारण इसे आगे चलाने नहीं देने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, 'कोई कंपनी यह नहीं कह सकती कि वह केवल उन प्रविधानों का पालन करेगी जो अधिकारियों द्वारा बताए गए हैं।

## सनातन पर विपक्ष कर रहा ढ़ोंग': भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु में हिंदुओं को कथित तौर पर निशाना और उन पर हमला किए जाने को लेकर भाजपा ने विपक्षी दलों पर हमला बोला है। भाजपा ने कहा कि विपक्ष सनातन धर्म की उन्मूलन की बात करता है, लेकिन कई राज्यों में हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है, जो दिखाता है कि उनका दावा गलत है। भाजपा ने यह भी आरोप लगया कि हिंदुओं पर हमला एक अभियान के तहत किया जा रहा है।

**सुधांशु त्रिवेदी ने टीएमसी पर बोला जमकर हमला:** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने उनकी पार्टी के नेताओं को हिंसाग्रस्त संदेशखाली का दौरा करने की अनुमति नहीं देने और स्थानीय टीएमसी नेता शाजहान शेख को गिरफ्तार नहीं करने के लिए तृणमूल कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि संदेशखाली में कुछ महिलाओं ने शाजहान शेख पर जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न में शामिल टीएमसी सदस्यों का एक गिरोह चलाने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता ने विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि हिंसाग्रस्त संदेशखाली पर तथाकथित 'धर्मनिरपेक्ष दल' चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यही धर्मनिरपेक्ष दल महिलाओं की शिकायतों को अपनी वोट-बैंक की राजनीति के खिलाफ मानते हैं।



**साधा निशाना**

8 टीएमसी नेता शाजहान को गिरफ्तार नहीं करने के लिए तृणमूल कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला

## भारत-चीन के बीच खेला जाएगा माइंड गेम: एस जयशंकर



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को भारत-चीन मुद्दों को द्विपक्षीय ढांचे के तहत मुद्दों को रोकने में बीजिंग के 'माइंड गेम' के प्रति सचेत किया और कहा कि नई दिल्ली को संतुलन की स्थिति पर बेहतर शर्तें पाने के लिए अन्य कारकों का इस्तेमाल करने के अपने अधिकारों को नहीं छोड़ना चाहिए। रायसीना डायलॉग में एक परिचर्चा में जयशंकर ने भारत-चीन संबंधों को लेकर कहा कि संतुलन की स्थिति में पहुंचना और इसे बरकरार रखना सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक होगी। हालांकि, जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि मौजूदा मुद्दा बीजिंग द्वारा निर्धारित नियमों को नहीं मानना है जिसकी वजह से पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद शुरू हुआ। विदेश मंत्री ने आर्थिक मोर्चे को लेकर कहा कि एक ऐसा समय आएगा जब चीन की अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी और भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी। उन्होंने गोल्डमैन सैश के अनुमानों का हवाला दिया, जिसके मुताबिक, 2075 तक दोनों देश 50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत को सर्वोत्तम संभावित नतीजे प्राप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रणाली का इस्तेमाल करने के लिए पर्याप्त आश्वस्त होना चाहिए। दरअसल, उनसे पूछा गया था कि क्या चीन और भारत के बीच समाधान का कोई बिंदु है और क्या दोनों देश अपने संबंधों में आखिरकार संतुलन की स्थिति लाएंगे?

**द्विपक्षीय**

8 बेहतर शर्तें पाने के लिए अन्य कारकों का इस्तेमाल करने के अपने अधिकारों को नहीं छोड़ना चाहिए: विदेश मंत्री

**बजट सत्र**

### अभी इको सेंसिटिव जोन की नहीं हुई है अधिसूचना जारी

## पौंगडैम के वैटलैंड एरिया में खेती करने की अनुमति: सीएम

**चमन शर्मा**

**शिमला:**

**हिमाचल** प्रदेश के कांगड़ा जिले के विश्व प्रसिद्ध पौंगडैम एरिया वेटलैंड में अब खेती-बाड़ी भी हो सकेगी। सरकार ने इस साल से इसकी इजाजत दे दी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक होशियार सिंह के मूल और भवानी सिंह पठानिया व बिक्रम सिंह के प्रतिपूरक के सवाल के जवाब में यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि पौंग डैम एरिया को अभी तक इको सेंसिटिव जोन घोषित नहीं किया गया है और न ही इसकी कोई अधिसूचना जारी की गई है। उन्होंने कहा कि जब इसे अधिसूचित किया जाएगा, उससे पहले संबंधित विधानसभा हलकों के विधायकों से चर्चा कर उनके सुझाव लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार अभी वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी एरिया से कुछ हिस्से को हटाने के प्रयास कर रही है, लेकिन इसके नियम काफ ी कड़े हैं। सुक्खू ने कहा कि पहले वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी की अधिसूचना जारी होगी और उसके बाद इको सेंसिटिव जोन बनाने का कार्य किया जाएग। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मामला काफ ी गंभीर है और विधायक काफ ी चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार उनकी चिंता से वाकिफ है और जल्द ही सभी से विचार-विमर्श किया जाएगा और वे पीसीसीएफ को भी लिखकर दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां पर पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। इसका कारण प्राकृतिक आपदा और बोटिंग के लाइसेंस पिछले लंबे समय से जारी न होना है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग को आदेश जारी कर दिए गए हैं कि वह बोटिंग के लाइसेंस जारी करे। उन्होंने कहा कि पौंग डैम एरिया में कोई टाइगर नहीं है। उन्होंने कहा कि पौंग डैम में वित्त वर्ष 2021-22 में 881680 रुपए और वर्ष 2022-23 में 216810 और वर्ष 2023-24 में इस साल 15 जनवरी तक 236150 रुपए की आय टिकट विंडो, बोटिंग और रेस्ट हाउस से हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021-22 में 4956, वर्ष 2022-23 में 2198 और वर्ष 2023-24 में अब तक 1728 सैलानी यहां आए हैं।



**प्रश्नकाल**

8 पौंग डैम एरिया को अभी तक इको सेंसिटिव जोन घोषित नहीं किया गया है और न ही इसकी कोई अधिसूचना जारी की गई

## रूस में संघर्ष क्षेत्रों से दूर रहें भारतीय नागरिक': भारत

**टम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध का दो वर्ष पूरा होने को है। वहीं, इस युद्ध में दस हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई है, जबकि 19 हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस बीच, भारत ने अपने नागरिकों को संघर्ष क्षेत्र से दूर रहने के लिए आग्रह किया है।

**मास्को के संपर्क में है विदेश मंत्रालय:** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने शुक्रवार को कहा कि वह रूसी सेना में सहायक कर्मचारियों के रूप में काम करने वाले भारतीयों की शीघ्र मुक्ति के लिए लगातार मास्को के साथ संपर्क में है।

# आईटीआई शिमला की छात्राओं तथा विशप कॉटन स्कूल शिमला के छात्रों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही

**शिमला**
**चमन शर्मा: गत दिवस** को हि.प्र. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शिमला की छात्राओं तथा विशप कॉटन स्कूल शिमला के छात्रों ने हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां से मुलाकात की। गौरतलब है कि ये सभी छात्र-छात्राएं आज सदन में होने वाली कार्यवाही को देखने आए थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों से संवाद करते हुए पठानियां ने कहा कि विधानसभा केचुनाव के द्वारा जिन्हें आप अपने मतों से जिताकर यहाँ भेजते हैं वही विधायक बनते हैं तथा केवल व ही सदन में बैठ सकते हैं। पठानियां ने कहा कि हि.प्र. विधानसभा में कुल 68 सीटें हैं जिसमें कांग्रेस की 40, भारतीय जनता पार्टी की 25 तथा तीन सदस्य निर्दलीय हैं। पठानियां ने सभी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन गैर सरकारी कार्य दिवस के लिए



निर्धारित है जिसमें माननीय सदस्य नियम 101 के तहत अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुख रूप से उठाते हैं तथा अन्य कई जनहित के मुद्दों को भी उठा सकते हैं। पठानियां ने उन्हें आज होने वाली कार्यवाही, संसदीय प्रणाली तथा विधान सभा की कार्य प्रणाली बारे भी अवगत करवाया। उन्होने

**लोकतन्त्र की मजबूती**

8 पठानियां ने कहा कि आज के युवा जिस तरह से संसदीय प्रणाली में रूचि ले रहे हैं उससे लोकतन्त्र की मजबूती को बल मिलता है

कहा कि आज का युवा कल का भविष्य है और हमारा देश दुनियां का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है। पठानियां ने कहा कि आज के युवा जिस तरह से संसदीय प्रणाली में रूचि ले रहे हैं उससे लोकतन्त्र की मजबूती को बल मिलता है तथा भविष्य सुरक्षित नजर आ रहा है। इस अवसर पर पठानियां सभी को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी तथा सभी को देश तथा जनहित में समर्पण से कार्य करने की सलाह दी।



सत्र आरम्भ होने से पूर्व हि.प्र. विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व विधायक विपिन सिंह परमार तथा विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं विधायक डॉ. हंस राज हि.प्र. विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात करते हुए। छाया : चमन शर्मा

# '122 करोड़ से चौड़ी होगी शिमला शहर की सड़कें'

## छोटा शिमला नवबहार से आईजीएमसी तक बनेगी टनल, अलग से किया अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फं ड का प्रावधान

**शिमला**
**चमन शर्मा: हिमाचल प्रदेश** सरकार ने शहरी क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए अलग से फं ड का प्रावधान किया है क्योंकि ये क्षेत्र नगर निगम के दायरे में आते हैं ऐसे में विधायक प्राथमिकताओं के तहत नाबार्ड, मनरेगा,आवास योजना के तहत इन क्षेत्रों को फं ड नही मिलता जिस वजह से विकास कार्य करने में कुछ परेशानियां सामने आ रही थी जिसे देखते हुए सरकार ने अलग से अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड का अलग से प्रावधान किया जिससे शिमला नगर निगम के अलावा



मंडी, सोलन, धर्मशाला को भी फायदा मिलेगा।शिमला शहरी हरीश जनारथा ने कहा कि शिमला शहर के लिए सरकार ने 122 करोड़ रुपए से सर्कुलर रोड को

**प्रावधान**

8 शमला शहर के लिए सरकार ने 122 करोड़ रुपए से सर्कुलर रोड को चौड़ा करने का बजट प्रावधान किया

चौड़ा करने का बजट प्रावधान किया है जिसमें से इस बार के बजट में 40 करोड रुपए जारी कर दिए गए हैं जिससे ट्रैफि क से निजात मिलेगी। छोटा शिमला, नवबहार से आईजीएमसी तक टनल बनाने का भी प्रस्ताव है। हरीश जनारथा ने सरकार कि फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड के तहत शिमला शहर को कंजेशन से राहत देने के लिए सरकार कदम उठाने जा रही है जिसमें सडकों को चौड़ा करने, टनल बनाने, लिफ्ट के पास सब वे निर्माण, लोअर बाजार की ओवर हेड तारों को अंडर ग्राउंड करने सहित अन्य डेवलपमेंट के कार्य किए जाएंगे। गरीबों के लिए भी शहर में आवास बनाने के लिए आवास प्रॉजेक्ट पर काम चल रहा है।वहीं सब्जी और अनाज मंडी को भी उपयुक्त जगह मिलने पर शिफ्ट करने का प्रस्ताव है।

# शिक्षण संस्थानों में विदेशी शिक्षण संस्थानों के ऑफ कैंपस संस्थान खोलने को तैयार: शिक्षा मंत्री

**चमन शर्मा**
**शिमला: शिक्षा मंत्री रोहित** ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में विदेशी शिक्षण संस्थानों के ऑफ कैंपस संस्थान खोलने और उनके साथ सहयोग के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस तरह के किसी भी कदम को आगे बढकर प्रोत्साहित करेगी। शिक्षा मंत्री गत दिवस को विधानसभा में विधायक चैतन्य शर्मा द्वारा इस संबंध में गैर सरकारी संकल्प दिवस पर लाए गए निजी संकल्प पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे। चैतन्य शर्मा ने बाद में शिक्षा मंत्री के जवाब से संतुष्ट होकर अपना संकल्प वापस ले लिया। शिक्षा मंत्री ने इस तरह के कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ अल्प अवधि के स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम और प्रतिष्ठित लोगों के दौरे करवाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के लिए एक्सपोजर कार्यक्रम के तहत अल्प अवधि के दौरे भी एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ रणनीतिक शोध सहयोग भी बढ़ाया जा रहा है और शैक्षिक, शोध, कार्यशालाएं, सेमिनार तथा संगोष्ठियों का आयोजन भी किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विदेशी विश्वविद्यालयों के पुराने छात्रों और शिक्षकों के साथ भी विभिन्न शैक्षिक और शोध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि विदेशों में देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, शोधकताओं और चिंतकों के नाम से चेयर भी स्थापित की जा रही हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विदेशी शिक्षण संस्थानों के देश में ऑफ कैंपस संस्थान स्थापित करने के लिए मापदंड निर्धारित किए हैं। इसके तहत संयुक्त डिग्री और दोहरा डिग्री के कार्यक्रम भी शामिल हैं। इसके लिए विदेशी संस्थान यूजीसी से अग्रिम अनुमति ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि यूजीसी के मापदंडों के तहत ही देश अथवा विदेश का कोई भी शिक्षण संस्थान विदेशी विश्वविद्यालयों या उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ एमओयू साइन कर सकता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस मुद्दे पर निजी संकल्प विधानसभा के शीतकालीन सत्र में लाया गया था।

## न्यूज फ्लैश

### जमीनी विवाद लेकर चचेरे भाई से मारपीट, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। पुलिस थाना** मैहतपुर के तहत चड़तगढ़ में जमीनी विवाद को लेकर चचेरे भाईयों के बीच मारपीट हुई है। मारपीट में एक को चोटें पहुंची है, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दिनेश कुमार निवासी चड़तगढ़ ने बताया कि गत दिवस अपने घर पर था, तो चाचे का बेटा सतनाम ने जमीनी विवाद को लेकर बहस करने लग पड़ा। इतना ही नहीं सतनाम ने मारपीट शुरू कर दी, जिसके चलते आंख में चोट पहुंची है। शोर मचाने पर परिवारिक सदस्यों ने मौके पर पहुंच कर मामले को शांत किया और मेडिकल करवाया। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर सतनाम के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### केंद्रीय मंत्री अनुराग ने चिंतपूर्णी को दी करोड़ों की सौगात: रविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। केंद्रीय मंत्री** अनुराग ठाकुर ने चिंतपूर्णी विधानसभा को विकासत्मक कार्यो के लिए 56 लाख मंजूर किए है। जानकारी देते हुए चिंतपूर्णी भाजपा मंडल अध्यक्ष रविंद्र द्विवेदी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने 56 लाख के अलावा 32 करोड़ रुपए प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तृतीय चरण में स्वीकृति किए है। जिसमें चुरूड़ू से हंबोली होते हुए धुसाड़ा सडक का निर्माण होगा। इसके अतिरिक्त भलोण आईटीआई से लेकर भिंडला तक सडक का निर्माण होगा तथा ग्राम पंचायत टकारला चौंक से लेकर बड़ूही पुल तक सडक का निर्माण होगा। वहीं नगर पंचायत अम्ब के गुरु रविदास मंदिर से लेकर वाया आठवां ल्यूमिनस इंडस्ट्री तक सडक का निर्माण होगा। अमृत काल रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण के लिए भी 22 करोड़ रुपए स्वीकृत करवाया गया है। जिसका काम तेजी से चल रहा है।

### 29 तक उपभोक्ता जमा करवाएं बिल: दिनेश

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। विद्युत उपमंडल** टाहलीवाल के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ता 29 फरवरी तक अपने बिजली का बिल जमा करवा दें। यह जानकारी विद्युत उपमंडल के सहायक अभियंता ई. दिनेश चौधरी ने दी। उन्होंने कहा कि सभी उपभोक्ता 29 फरवरी तक बिजली के बिल जमा करवा दें।

# वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरिपुरधार के विद्यार्थियों ने पर्यटन एवं आतिथ्य विषय पर प्रशिक्षण लिया

**एसपी जैरथ**
**नाहन: राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक पाठशाला हरिपुरधार के पर्यटन एवं आतिथ्य विषय के छात्रों के लिए आयोजित दो दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यशाला संपन्न हो गई। इस कार्यशाला में पाठशाला की जमा दो कक्षा की छात्र छात्राओं ने भाग लिया। मानव हिल रिजॉर्ट बडालटा हरिपुरधार में आयोजित इस दो दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को होटल प्रबंधन के कैटरिंग, कुकिंग, हॉस्पिटैलिटी, हाउसकीपिंग व परिसर स्वच्छता जैसे विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों के समूह बनाकर



उनसे मानव हिल रिजॉर्ट की एफ एण्ड बी उत्पादन क्षेत्र में बारी बारी भोजन तैयार करके पर्यटकों को सलीके से परोसने, हाउस कीपिंग, रिजोर्ट के कमरे तैयार करने, साफ.-सफ ई आदि विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दो देश दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों के साथ रहे पाठशाला के व्यावसायिक प्रशिक्षक रोहित ठाकुर ने बताया कि किताबों की पढ़ाई के अलावा इस प्रकार की

**प्रशिक्षण**

8 कैटरिंग, कुकिंग, हॉस्पिटैलिटी, हाउसकीपिंग व परिसर स्वच्छता जैसे विषयों का प्रशिक्षण दिया गया।

ऑन जॉब प्रशिक्षण कार्यशालाएं विद्यार्थियों में पर्यटन एवं आतिथ्य विषय की व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि पर्यटन एवं आतिथ्य विषय युवाओं को स्व-रोजगार और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कारगर सिद्ध हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में विद्यार्थी पर्यटन उन्होंने रोहित ठाकुर ने बताया कि मानव हिल रिजॉर्ट बढि?ा अल्ट्रा इस प्रकार के व्यावसायिक प्रशिक्षण और कार्यशालाएं आयोजित करने के लिए एक बहुत ही अनुकूल संस्थान है।इस अवसर पर मानव हिल रिजार्ट के प्रबंध निदेशक मेलाराम शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं हैं और इस तरह की ऑन जॉब प्रशिक्षण कार्यशालाएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

एवं आतिथ्य विषय की शिक्षा प्राप्त करके अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं।इस दो दिवसीय व्यवहारिक कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने मानव हिल रिजार्ट में रहकर पर्यटन एवं होटल मैनेजमेंट विषय की बारीकियों की जानकारी के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया और एक ट्री हाउस के माडल का निर्माण भी किया। कार्यशाला के अंतिम दिन मानव हिल रिसॉर्ट में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें पाठशाला के प्रदीप ठाकुर ने प्रथम पुरस्कार लक्की सूर्या ने द्वितीय पुरस्कार और निखिल ठाकुर ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

# 'पद से त्यागपत्र देना किसानों के साथ विश्वासघात'

**टीम एक्शन इंडिया**
**केलांग/अंगारिया: लाहौल पोटैटो** सोसायटी के चेयरमैन के इस्तीफा प्रकरण को लेकर पूर्व चेयरमैन कमल सिंह बोद्ध ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि औपचारिकताएं पूरी किए बिना ही डेढ़ करोड़ की संम्पति बेच डाली। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में सोसाइटी घाटे में नही थी। सुदर्शन जस्पा पहले अध्यक्ष हुए हैं जिन्होंने सोसाइटी के सम्पतियों को बेचा है। पूर्व चेयरमैन कमल सिंह बौद्ध ने कहा कि सुदर्शन जस्पा ने चेयरमैन पद से त्यागपत्र देकर किसानों के साथ



विश्वासघात किया है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सोसायटी की आर्थिक तंगी से घबराकर भागना दुःखद है। उन्होंने कहा कि सुदर्शन जस्पा किसानों की उम्मीद पर खरा नहीं उतरे हैं। कमल ने कहा कि उनके कार्यकाल में सोसायटी आठ लाख घाटे पर चल रही थी लेकिन आज चेयरमैन जस्पा के अनुसार घाटा 14 करोड़ के लगभग हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह सब कुप्रबंधन का नतीजा है कि आज सोसायटी के पास कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं है।

उन्होंने कहा कि हर साल वार्षिक अधिवेशन में चेयरमैन सुदर्शन जस्पा मुनाफे की बात करते थे लेकिन जब कार्यकाल संपन्न होने को है तो सुदर्शन जस्पा सोसायटी के घाटे की बात कर रहे हैं। जस्पा ने अब तक किसानों को अंधेरे में रखा है। उन्होंने कहा कि गोंपाथंग में एलपीएस ने बिना औपचा रिकता के पैट्रोल पंप खोल दिया है।

# आचार संहिता लगते ही 24 घंटे के भीतर हटानी होगी प्रचार सामग्री

**राजन पुरी**
**ऊना: आगामी लोक** सभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगते ही सभी प्रकार की प्रचार सामग्री को सरकारी भवनों से 24 घंटे के भीतर हटाना होगा। इसके अलावा निजी भवनों में लगी सभी प्रकार की प्रचार सामग्री को भी 72 घंटों के भीतर हटाना होगा। यह जानकारी आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर समस्त राजनैतिक दलों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त जतिन लाल ने दी। उन्होंने समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि आदर्श आचार संहिता लगते ही सभी सरकारी भवनों से 24 घंटे, सार्वजनिक स्थानों से 48 घंटे के भीतर व निजी भवनों से 72 घंटे के भीतर सभी प्रकार की प्रचार सामग्री को हटाना सुनिश्चित करें।

# चुराह कांग्रेस ने बनाई लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति

**हामिद**
**चंबा: ब्लॉक कांग्रेस कमेटी** चुराह की बैठक शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह कॉलोनी मोड़ तीसा में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशवनी ठाकुर ने की। वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नव मनोनित कार्यकारी अध्यक्ष जस्सा राम भारद्वाज भी बैठक में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस मौके पर बैठक में उपस्थित कांग्रेस कार्यकताओं ने पार्टी आला कमान द्वारा अश्वनी ठाकुर को पुन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष व जस्सा राम को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनित किए जाने पर सम्मानित किया। इसके उपरांत बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए विस्तृत रूप रेखा तैयार की गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अश्वनी ठाकुर



व कार्यकारी अध्यक्ष जस्सा राम भारद्वाज ने कार्यकताओं से आगामी लोकसभा चुनावों के लिए अभी से पार्टी के प्रचार प्रसार में जुट जाने का आह्वान किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व वाली प्रदेश की कांग्रेस ने अब तक के सवा वर्ष के कार्यकाल दौरान जन कल्याण की कई योजनाएं चलाई हैं। जबकि हर क्षेत्र का समुचित विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा की विगत वर्ष बरसात से प्रदेश में हुए भारी नुक्सान के बावजूद प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के विकास को प्रभावित नहीं होने दिया। जबकि केंद्र से सहायता न मिल पाने के बावजूद आपदा प्रभावितों के लिए सरकार फरिश्ता बनी और प्रभावितों की बढ़चढ़ कर सरकार द्वारा मदद की गई है। जबकि दूसरे बजट में सरकार ने प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू करने की घोषणा की है। जिससे कि प्रदेश का हर वर्ग लाभान्वित होगा। कांग्रेस नेताओं ने पार्टी कार्यकताओं से गांव गांव में सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने व बूथ स्तर पर संगठन को और ज्यादा मजबूत बनाने की दिशा में जुट जाने का आह्वान भी किया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव दिलदार अली बट्ट, प्रदेश कांग्रेस सचिव सचिव नरेंद्र शर्मा, सहित आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नंगल**
**विकास खंड फतेहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.**

प्रस्ताव संख्या 06 अध्यक्षता बैठक प्रधान श्री करनैल सिंह दिनांक 20-02-2024
विषय:- निविदा आमंत्रित करने बारे:-

पंचायत बैठक में अध्यक्ष महोदय जी ने प्रस्ताव रखा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए समस्त विकास कार्यों हेतु बजरी क्रशर 20, 40, 60 एमएम, रेत क्रशर , बोल्डर पत्थर, मिक्सचर किराया सीमेंट ढुलाई प्रति बैग फतेहपुर से ग्राम पंचायत नंगल के कार्य स्थल तक , साईन बोर्ड सीमेंट, हार्डवेयर सामग्री, ईंट पक्की, सरिया, वाटर कुलर, वाटर कुलर स्टैंड लोहे का, पानी की टंकी के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति के पास जीएसटी नं. होना आवश्यक है। हर व्यक्ति को सिक्योरिटी के रूप में 25 हजार रुपए का बैंक ड्राफ्ट निविदा खुलने से पहले कार्यालय ग्राम पंचायत नंगल में जमा करवाना होगा। निविदाएं डाक द्वारा 04/03/2024 को कार्यालय ग्राम पंचायत नंगल में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं 05-03-2024 को कार्यालय ग्राम पंचायत नंगल में 12:00 बजे खोली जाएंगी।

अत: प्रस्ताव को बैठक में विस्तृत चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से पारित किया गया। अत: निविदा पंचायत पदाधिकारी व तकनीकी सहायक प्रकाशचंद पुत्र जमीत सिंह गांव भाटी अनुहा व उधम सिंह पुत्र लाल सिंह गांव बरोहमिकला के समक्ष खोली जाएंगी। परिस्थित के अनुसार नियम व शर्तों में बदलाव हेतु ग्राम पंचायत नंगल को अधिकार है।

प्रधान/सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत नंगल
विकास खंड फतेहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.

# प्रदेश में 6 फीसदी जनसंख्या मानसिक तनाव में सुक्खू सरकार कड़ाई से लागू करेगी मेंटल हेल्थ पॉलिसी



**चमन शर्मा**

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश की छह फ ीसदी आबादी मानसिक तनाव में है। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार ने राज्य में मेंटल हेल्थ पॉलिसी को कड़ाई से लागू करने का फैसला लिया है। यह बात स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने गत दिवस को विधानसभा में कांग्रेस विधायक भवानी सिंह पठानिया द्वारा राज्य में मेंटल हेल्थ को लेकर गैर सरकारी संकल्प दिवस पर लाए गए निजी संकल्प पर हुई चर्चा के जवाब में कही। बाद में मंत्री के जबाब से संतुष्ट भवानी सिंह पठानिया ने अपना संकल्प वापस ले लिया। स्वास्थ्य मंत्री ने इस मौके पर घोषणा की कि प्रदेश सरकार राज्य के सभी 69 आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में मनोचिकित्सक और काउंसलर की तैनाती करेगी। उन्होंने टांडा मेडिकल कालेज में स्थित मेंटल हेल्थ अस्पताल को मजबूत करने और यहां सुविधाएं जुटाने की भी बात कही। उन्होंने आधुनिक लाइफ स्टाइल को मानसिक तनाव और नशे की बढ़ती समस्या के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नशे की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के मौके पर राज्य में आदर्श नशा निवारण केंद्र खोलने की घोषणा को अंजाम देने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसके लिए हाल ही में सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की सचिव की अध्यक्षता में सभी उपायुक्तों की बैठक हुई। इसमें उपायुक्तों को अपने-अपने जिले में आधुनिक नशा निवारण केंद्र खोलने के लिए 30 से 40 बीघा उपयुक्त जमीन तलाशने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इन आदर्श नशा निवारण केंद्रों में 200 से 300 बिस्तरों की व्यवस्था होगी। ये आदर्श नशा निवारण संस्थान केंद्र सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के तहत हर जिले में खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा भी मानसिक रोगों में बढ़ोतरी का एक बड़ा कारण है और प्रदेश सरकार इससे निपटने के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है। इसके लिए मानसिक स्वास्थ्य में सुधार और बुनियादी ढांचे को विभिन्न विभागों व केंद्र सरकार के साथ मिलकर मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मानसिक रोगों से दूर रहने के लिए स्वास्थ्य विभाग मरीजों के इलाज के साथ.साथ उन्हें जागरूक करने पर भी जोर दे रहा है। बॉक्स आज हर कोई व्यक्ति मानसिक रूप से परेशानरू भवानी निजी संकल्प पर चर्चा शुरू करते हुए विधायक भवानी सिंह पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में मानसिक रूप से परेशान लोगों की सुविधा के लिए आधारभूत ढांचा बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों को देखें तो हिमाचल प्रदेश में 15 लाख से ज्यादा लोग मानसिक रूप से पीड़ित होंगे। उन्होंने कहा कि हर कोई व्यक्ति मानसिक रूप से परेशान है और यही कारण है कि सुसाइड भी बढ़ रहे हैं। छात्रों में भी सुसाइड बढ़ रहा है।

आज प्रतिस्पर्धा के दौर में युवा वर्ग इस बीमारी से ज्यादा पीड़ित है क्योंकि उन पर खासा दबाव है। उनका कहना था कि समाज में एक सोशल स्टिगमा है कि मानसिक रोग के बारे में बात नहीं करते। डॉक्टर भी पास भी व्यक्ति को नहीं ले जाते कि कहीं समाज में पता चल जाएगा।

# 'एसजेवीएन ने उत्तर प्रदेश में 50 मेगावाट गुजराई सौर विद्युत स्टेशन को सफलतापूर्वक कमीशन किया'

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**एसजेवीएन ने** उत्तर प्रदेश के जिला कानपुर देहात में स्थापित 50 मेगावाट के गुजराई सौर विद्युत स्टेशन से वाणिज्यिक प्रचालन आज से आरंभ कर दिया है। इस परियोजना के प्रचालन के साथ एसजेवीएन की 10 विद्युत स्टेशनों से कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 2277 मेगावाट हो गई है। गीता कपूर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने इस उपलब्धि को साझा करते हुए कहा कि एसजेवीएन देश के गैर.जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने और वर्ष 2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। एसजेवीएन ने 50



मेगावाट के गुजराई सौर विद्युत स्टेशन को अपनी नवीकरणीय अधीनस्थ कंपनी एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड एसजीईएल के माध्यम से 281 करोड़ रुपए की लागत से निष्पादित किया है। इससे उत्पादित विद्युत से लगभग 32 करोड़ रुपए वार्षिक राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। परियोजना प्रथम वर्ष में 107 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन करेगी और 25 वर्षों की अवधि में अनुमानित संचयी विद्युत उत्पादन 2477 मिलियन यूनिट होगा। एसजीईएल ने नवंबर 2022 में उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी यूपीएनईडीए द्वारा आयोजित टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से इस ग्रिड से जुड़ी सौर परियोजना को 2.98 रुपए प्रति यूनिट के टैरिफ पर हासिल किया था। एसजेवीएन ने हाल ही में कई नवीकरणीय परियोजनाएं कमीशन की हैं। यह वर्ष 2030 तक 25000 मेगावाट और वर्ष 2040 तक 50000 मेगावाट के अपने साझा विजन को हासिल करने के लिए प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

# हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा कलसुई, चम्बा में किसान मेले का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा /हामिद**

**भावाअशिप हिमालयन** वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र-सरु, जिला-चम्बा, के सहयोग से कलसुई, चम्बा में किसान मेले का आयोजन किया, जिसमें कलसुई एवं आसपास की विभिन्न पंचायतों के लगभग 300 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कंचन देवी, भावसेए महानिदेशक, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून, बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। गौरतलब है कि कंचन परिषद कि पहली महिला महानिदेशक है



और मूल रूप से चंबा कि रहने वाली है। डा. जगदीश सिंह, प्रभाग प्रमुख विस्तार प्रभाग एवं मेले के संयोजक ने कहा कि किसान जिसका थीम रू वानिकी प्रौद्योगिकियों द्वारा सतत विकास है। डॉ. संदीप शर्मा, निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान ने विश्वास जताया कि किसानों को इस इस मेले के आयोजन से लाभ होगा। कंचन देवी ने कहा कि वानिकी अनुसंधान, शिक्षा एवं अनुसंधान विस्तार ने कहा कि इस परिषद के मुख्य उद्देश्य हैं।

## युवा कांग्रेस ने मराल में प्रभात फेरी का किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। गुरू रविदास** जयंती पर शुक्रवार को चड़तगढ़ गांव से निकाली गई प्रभात फेरी का उदयपुर मराल गांव में पहुंचने पर युवा कांग्रेस द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया। युवा ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान गुरजीत सिंह मान की अध्यक्षता में युवा कांग्रेस के कार्यकताओं व ग्रामीणों ने प्रभात फेरी का न केवल फुल बरसा स्वागत किया गया, बल्कि प्रभात फेरी में हिस्सा ले रहे अनुयायियों को फल भी वितरित किए। अध्यक्ष गुरजीत सिंह मान ने सभी को गुरू रविदास जयंती की बधाई भी दी। इस अवसर पर शुभकरण, राहुल, पुरजिंद्र, हरविंद्र, प्यारा सिंह, सुनील, सनम बैंस, गुरजोत सहित अन्य उपस्थित रहे।

# एशियाई राफ्टिंग प्रतियोगिता के संदर्भ में हुई बैठक

## शिमला के पंदोआ में 03 से 09 मार्च तक होगा चैंपियनशिप का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**उपायुक्त शिमला** अनुपम कश्यप ने आज यहां अपने कार्यालय कक्ष में एशियाई राफ्टिंग प्रतियोगिता के संदर्भ में बैठक की अध्यक्षता की। यह प्रतियोगिता सुन्नी तहसील के पंदोआ क्षेत्र में 3 मार्च से 9 मार्च 2024 तक आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस भव्य प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रतियोगिता के आयोजन से शिमला जिला के साहसिक खेलों के पर्यटन स्थल अंतर्राष्ट्रीय पटल पर अपना स्थान सुनिश्चित करेंगे जिससे राज्य की सकल घरेलू



उत्पाद में इजाफा होगा। उपयुक्त ने उपस्थित अधिकारियों से प्रतियोगिता के स्थान का संयुक्त निरीक्षण, बायो शौचालय, पेयजल, आपातकालीन स्थिति में स्वास्थ्य सुविधाएंए सफाई व्यवस्था तथा सुचारू यातायात बारे गहनता से विचार विमर्श किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया ताकि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन संभव हो सके।जिला पर्यटन विकास अधिकारी संजय भगवती ने बैठक का संचालन किया और उपायुक्त को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के संदर्भ में जानकारी प्रदान की।बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कानून एवं व्यवस्था अजीत भारद्वाज, उपमंडल दंडाधिकारी शिमला ग्रामीण कविता ठाकुर, जिला खेल अधिकारी राकेश धौटा, जिला भाषा अधिकारी अनिल हार्टा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भरवाई में अनियंत्रित होकर खाई में गिरा कबाड़ से भरा ट्रक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। थाना चिंतपूर्णी के** तहत भरवाई में कबाड़ से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। हादसे के दौरान ट्रक के कैबीन में फंसे चालक को दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं पुलिस ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह कबाड़ से भरा ट्रक जालंधर से गगरेट जाने की बजाय रास्ता भटकते हुए भरवाई पहुंच गया। जहां पर ट्रक के आगे नील गाय आ गई। नील गाय को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर 50 मीटर खाई में गिर गया। खाई में गिरे ट्रक की आवाज सुन स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस के साथ-साथ दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल विभाग की टीम खाई में उतरी, तो पाया कि ट्रक चालक दलजीत ट्रक के कैबीन में फंसा है। जिसके बाद दमकल विभाग की टीम ने कैबीन को कटर की मदद से काटकर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला, जिसके बाद 108 की मदद से चिंतपूर्णी अस्पताल लाया गया। थाना प्रभारी चिंतपूर्णी रोहिणी ने बताया कि पुलिस मामले के संदर्भ में जांच शुरू कर दी है।

# जल्द उपलब्ध होगी बाल देखभाल गृह की सुविधा

## सुखाश्रय योजना के तहत लाहुल स्पीति से 51 बच्चों का हुआ चयन

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

**मुख्यमंत्री सुख आश्रय** योजना के तहत लाहुल स्पीति जिले के 51 बच्चों को का चयन हुआ है और सामाजिक सुरक्षा के तहत 4 लाख 80हजार रुपए की राशि खर्च की जा रही है। जिला लाहौल स्पीति में त्रैमासिक जिला स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सहायक आयुक्त संकल्प गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ हीरानन्द ने पिछले बैठक कार्यवाही व इस बार की एजेंडा प्रस्तुत किया उन्होंने मिशन वात्सल्य योजना, जिला बाल संरक्षण इकाई की भूमिका व मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना सहित



अन्य एजेंडा पर विचार रखे। सहायक आयुक्त संकल्प गौतम ने कहा कि लाहौल स्पीति में जल्द ही बाल देखभाल गृह की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये भूमि चयन प्रक्रिया आरम्भ की जयेगी। दरअसल हिमाचल में केवल लाहौल स्पीति में ही अभी तक बाल देखभाल गृह की सुविधा उपलब्ध नही है। ऐसे जिला के जरूरतमद और देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों को जिला से बाहर भेजना पड़ रहा है। सहायक आयुक्त ने विभाग निर्देश दिए है कि इसके लिए जल्द भूमि को चिन्हित करें। बैठक में बाल कल्याण से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए संकल्प गौतम ने कहा कि जिले में बाल मजदूरी व भिक्षावृति सहित बाल शोषण के कोई मामले नही है।लेकिन पिछले दिनों बाल क्षम के मामले आये जिसपर पुलिस विभाग को उचित कार्यवाही करने व रिपोर्ट करने को कहा गया है।

# 'राज्य के किसानों को आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बनाना है मुख्यमंत्री का लक्ष्य'

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**जाइका एचपीसीडीपी** में राज्य सरकार के मीडिया सलाहकार राजेश्वर ठाकुर ने कहा है कि राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अगले वित्त वर्ष का बजट पूरी तरह से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समर्पित किया है। मुख्यमंत्री राज्य के किसानों को आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। किसान की समृद्धि का परम लक्ष्य लेकर मुख्यमंत्री आगे बढ़ रहे हैं। उपायुक्त बिलासपुर आबिद सादिक हुसैन से मुलाकात करने बाद राजेश्वर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उपायुक्त से मुलाकात में राजेश्वर ठाकुर ने उन्हें प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश भर में



संचालित गतिविधियों से अवगत कराया। इसी क्रम में जिला बिलासपुर में अब तक की परियोजना इकाई की प्रगति के अलावा शेष संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। परियोजना के बिलासपुर बीपीएमयू डॉ देवेंद्र सांख्यान ने इस मौके पर परियोजना के फ लस्वरूप बिलासपुर के किसानों की आर्थिकी में आने वाले क्रांतिकारी परिवर्तन पर प्रकाश डाला। मीडिया सलाहकार राजेश्वर ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण परियोजना एचपीसीडीपी के जरिये राज्य भर में 310 सिंचाई योजनाओं के विकासए सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों और क्षमता निर्माण गतिविधियों सहित विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की।

# खड्ड कॉलेज में एनएसएस कैंप शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/ राजन पुरी**

**राजकीय महाविद्यालय** खड्ड में शुक्रवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर शुरू हो गया है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेंद्र कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर आरती द्वारा सात दिवसीय शिविर के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि शिविर में 50 स्वयंसेवी हिस्सा ले रहे है तथा इन्हें सात समूहों में



विभाजित किया गया है, ताकि शिविर का संचालन सुचारु रूप से किया जा सके। शिविर में विद्यार्थी स्वच्छता अभियान के साथ-साथ बौद्धिक ज्ञान भी अर्जित करेंगे। प्राचार्य डॉ राजेंद्र कुमार शर्मा ने स्वयंसेवियों को शुभकामनाएं प्रदान की तथा शिविर में अनुशासन बनाए रखने तथा अपने शारीरिक और बौद्धिक विकास में वृद्धि करने के लिए प्रेरित किया।

# किसानों के आंदोलन का पूर्ण समर्थन करती है : सीटू

**समर्थन**

**8 किसानों के आंदोलन को दबाने के लिए की जा रहे बर्बरतापूर्ण हमलों का कड़ा विरोध करती हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**सीटू देश में** किसानों के आंदोलन का पूर्ण समर्थन करती है और मोदी सरकार द्वारा किसानों के आंदोलन को दबाने के लिए की जा रहे बर्बरतापूर्ण हमलों का कड़ा विरोध करती है। आज विरोध स्वरूप सीटू जिला कमेटी ने जिलाधीश महोदय के माध्यम से देश की राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है कि देश में हुए ऐतिहासिक किसान आंदोलन के साथ मोदी सरकार द्वारा किए गए समझौते को लागू नहीं किया गया है और किसानों के साथ धोखा किया गया है। एमएसपी के लिए कानून नहीं बना है जिसके लिए देश के किसान लगातार आंदोलनरत है मगर मोदी सरकार किसानों की जायज मांगों को पूरा करने की बजाय बरतापूर्ण हमले



कर रही है। ड्रोन से आंसू गैस के बम गिराए जा रहे हैं और पैलेट बुलेट का इस्तेमाल किया जा रहा है। यहां तक की गोलीबारी में एक युवा किसान की मौत हो गयी कई लोग घायल हुए हैं और 100 से ज्यादा ट्रैक्टरों को नुकसान पहुंचाया गया है। सीटू मांग करती है किसी शहीद हुए किसान के परिवार को एक करोड़ रूपया मुआवजा दिया जाए और जिन किसानों के ट्रैक्टरों को नुकसान पहुंचाया गया है उसका उचित मुआवजा किसानों को दिया जाए। ईस बर्बर हमले में शामिल अधिकारियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए। सीटू इस कृत्य के लिए देश के गृह मंत्री अमित शाह और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के ईस्तीफे की मांग करती है। और साथ ही मांग करती है कि किसानों की फसलों के सुरक्षा के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानून बनाया जाए। किसान आंदोलन के दौरान बने मुकदमों को वापस लिया जाए। किसान आंदोलन में शहीद हुए परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए। बिजली बिल व मोटर व्हीकल एक्ट जैसे काले कानूनों को निरस्त किया जाए। मनरेगा का बजट बढ़ाया जाए और न्यूनतम वेतन दिया जाए। मजदूरों के लिए बने चार नए लेबर कोडों को समाप्त किया जाए।

# 12वीं कक्षा के लिए विदाई समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ मनाली/ राज अग्रवाल**

**जीवन में कुछ** पल हमारे दिलों को अनंत आनंद से भर देते हैं, ऐसा ही एक फेयरवेल पार्टी का अवसर होता है, जिसे छात्र अपने आने वाले वर्षों में हमेशा संजोते हैं। डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली ने भी 12वीं कक्षा के निवर्तमान छात्रों को एक बड़े धूमधाम के साथ विदाई दी। पार्टी का आयोजन होटल सिटी हर्ट में किया गया था, जहां 11वीं कक्षा के छात्रों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। 12वीं कक्षा के छात्रों ने रैंप वॉक में आंतरिक आत्म की उत्कृष्ट अभिव्यक्ति की झलक दिखाई। उन्होंने कई अन्य खेलों में भी भाग



लिया। उन्होंने एक से बढ़ कर आकर्षक नृत्य प्रदर्शन भी प्रस्तुत किया, जिसने वास्तव में सभी को चकित और मंत्रमुग्ध कर दिया। मिस परिणीता और मास्टर आर्यन ठाकुर मिस डीएवी और मिस्टर डीएवी के खिताब से नवाजा गया। मिस पर्सनैलिटी और मिस्टर पर्सनैलिटी, मिस फेयरवेल और मिस्टर फेयरवेल का खिताब क्रमशः मिस जैस्मिन और मास्टर आयुष ठाकुर, तेजि? नोरदन और मास्टर अक्षत ने जीता।

शिक्षकों ने छात्रों को अपने सुनहरे शब्दों से आशीर्वाद दिया और प्रधानाचार्य आरएस राणा ने 12वीं के छात्रों के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं, प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने छात्रों को अपने से बड़ों का सम्मान करना, छोटों को प्यार, सकारात्मक विचार, सकारात्मक कार्य और सकारात्मक व्यवहार को अपने जीवन में धारण करने के लिए प्रेरित किया है जो निश्चित रूप से उन्हें आने वाले वर्षों में करियर बनाने वाले क्षेत्र में चरमोत्कर्ष तक पहुँचाने में मदद करेगा।

# ब्रिटिश उच्चायोग और हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट की

## भारत और इंग्लैंड के मध्य धर्मशाला टेस्ट मैच के लिए आमंत्रित किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**ब्रिटिश उच्चायोग** और हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने गत दिवस को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की।ब्रिटिश उच्चायोग के उप प्रमुख अमनदीप ग्रेवाल और ब्रिटिश सरकार में राजनैतिक, प्रेस और परियोजना सलाहकार राजेंद्र एस. नागरकोटी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में सात मार्च को आयोजित होने वाले यूके-एचपीसीए के संयुक्त स्वागत समारोह के लिए निमंत्रण दिया। भारत और ब्रिटेन की



टीमों के मध्य खेले जाने वाले पांचवे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन समारोह के आयोजन का उद्देश्य ब्रिटेन और हिमाचल के मध्य सौहार्दपूर्ण एवं मजबूत रिश्ते को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर ब्रिटिश और हिमाचली व्यंजन भी परोसे जाएंगे। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि विशिष्ट अतिथियों के साथ भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त एलिक्स एलिस भी स्वागत

**निमंत्रण**

**8 सीएम को सात मार्च को आयोजित होने वाले यूके-एचपीसीए के संयुक्त स्वागत समारोह के लिए निमंत्रण दिया**

समारोह में शामिल होंगी। उन्होंने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हरित हाईड्रोजन, इलैक्ट्रिक वाहन, पर्यटन और जन निकायों सहित विभिन्न क्षेत्रों में ब्रिटेन के साथ सहयोग की भावनाएं तलाशने में गहरी रूचि दिखाई। उन्होंने ब्रिटिश दल से संयुक्त लाभ के लिए विभिन्न क्षेत्रों में ब्रिटेन की विशेषज्ञता का उपयोग करने के दृष्टिगत प्रदेश सरकार के साथ मिलकर सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सहयोग पर विचार-विमर्श के लिए ब्रिटिश प्रतिनिधिमंडल के साथ शीघ्र ही बैठकें आयोजित की जाएंगी ताकि हिमाचल प्रदेश ब्रिटेन के साथ साझेदारी का अधिकतम उपयोग कर सके। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक सुरेन्द्र ठाकुर ने मुख्यमंत्री को भारत और इंग्लैड के मध्य क्रिकेट टैस्ट मैच देखने के लिए आमंत्रित किया।

# मोदी सरकार में यदि परियोजनाओं का शिलान्यास होता है तो उद्घाटन भी उसी कार्यकाल में होता है: नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**भारतीय जनता** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गत दिवस को हिमाचल प्रदेश के एम्स बिलासपुर में कई नई सुविधाओं का शुभारंभ किया और विश्राम सदन का शिलान्यास किया। इस क्रम में उन्होंने रू4 करोड़ की लागत से बने 40 हजार लीटर की क्षमता वाले लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट और रू 30 करोड़ की लागत से एडवांस्ड रेडिएशन थैरेपी के लिए लगी आधुनिक मशीनरी सहित अन्य नई सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडविया, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। नड्डा ने कहा



कि स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और ऊर्जा मंत्री आरके सिंह के प्रयासों के चलते एम्स बिलासपुर को कई नई सुविधाएं प्रदान हुई है। 3 अप्रैल 2017 को नवरात्रों की षष्ठी तिथि को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एम्स बिलासपुर का शिलान्यास किया था। 5 अक्टूबर, 2022 को विजयदशमी के दिन प्रधानमंत्री ने इस संस्थान का उद्घाटन कर बिलासपुर की जनता को दशहरे का उपहार दिया था। आज रू 4 करोड़ की लागत से बना 40 हजार लीटर की क्षमता वाले लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट की सुविधा का उद्घाटन किया गया है। इसी तरह रेडिएशन एन्कॉलोजी में एडवांस्ड रेडिएशन थैरेपी के लिए रू30 करोड़ की लागत से आधुनिक मशीनरी लगाई गई है और सीटी स्कैन सुविधा शुरू की गई है।

# बागवानों की मांगों को कांग्रेस सरकार ने किया पूरा: राजीव किमटा

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

**हिमाचल प्रदेश में** बागवानों के द्वारा जो यूनिवर्सल कार्टन की मांग रखी जा रही थी। उसे अब प्रदेश सरकार के द्वारा पूरा कर दिया गया है और इसके बारे में भी सरकार के द्वारा सूचना जारी कर दी गई है। ऐसे में अब प्रदेश के बागवानों को यूनिवर्सल कार्टन के माध्यम से सेब के अच्छे दाम मिलेंगे और उन्हें बाहरी राज्यों के आढ़ती के हाथ शोषण का शिकार भी नहीं होना होगा। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राजीव किमटा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जो बजट जारी किया है। वह जनता के हित में है तथा इसमें किसानों, बागबानों,



युवाओं, दुग्ध उत्पादन सहित बेसहारा पशुओं के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। राजीव ने कहा कि इससे पहले टेलीस्कोपिक कार्टन का ही प्रयोग किया जाता था। लेकिन उसमें सेब अधिक आता था और आढ़ती बागवानों को सेब की कम कीमत देते थे। यूनिवर्सल कार्टन इस साल सेब सीजन से शुरू हो जाएगा और जितने सेब उसमे होंगे। उतने ही पैसे बागवानों को मिलेंगे। राजीव किमटा ने कहा कि प्रदेश में पहली बार कांग्रेस सरकार के द्वारा मक्की और गेहूं का एमएसपी देने की भी बात कही है। इससे पहले कभी भी किसी ने यह प्रयास नहीं किया है। इसके अलावा दुग्ध उत्पादन से जुड़ी हुई महिलाओं को भी अबकी बार दूध का समर्थन मूल्य बढ़ा कर दिया गया है। जो अप्रैल माह से पूरे प्रदेश में लागू हो जाएगा। वहीं हिमाचल प्रदेश में जितने भी बेसहारा पशु सडकों पर घूम रहे हैं उन्हें गोसदन पहुंचाया जाएगा।

# रविदास जयंती पर नगर कीर्तन का आयोजन



टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

गुरू रविदास जयंती पर्व को लेकर शुक्रवार को कुठार खुर्द में नगर कीर्तन निकाला गया। श्री गुरु रविदास युवा क्लब ने स्वामी राम किशन की अध्यक्षता में श्री गुरु रविदास महाराज जी का नगर कीर्तन बड़ी ही धूम धाम से निकाला। श्री गुरु रविदास युवा क्लब कुठार खुर्द के प्रधान राकेश सागर ने बताया कि नगर कीर्तन कुठार खुर्द, रामपुर, कुठार कलां से होते हुए वापिस कुठार खुर्द पहुंची। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को गांव में भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# जाहू क्षेत्र में हवाई अड्डे के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री को भेजे हजारों हस्ताक्षर: मुनीष

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**नबाही वार्ड** के जिला परिषद् सदस्य मुनीष शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त मंडी के माध्यम से राज्य व केंद्र सरकार को बल्ह घाटी में प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण के प्रोजेक्ट को जाहू क्षेत्र में स्थानांतरित करने के लिए हजारों हस्ताक्षरों सहित मांगपत्र भेजा। मुनीष शर्मा ने कहा कि उन्होंने 77 दिनों में 300 से अधिक गांवों में घर-घर जाकर जनता से इस मुद्दे पर संवाद स्थापित किया और उनके हस्ताक्षर लिए। उन्होंने कहा कि बल्ह क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से कृषि क्षेत्र रहा है जिसे मिनी पंजाब के नाम से भी जाना जाता है जिसमें मुख्य रूप से सब्जी उत्पादन होता है। प्रस्तावित जगह में



हवाई अड्डे के निर्माण से 2000 परिवार 10000 आबादी को पूर्ण रूप से होना पड़ेगा। हिमाचल प्रदेश में मात्र 14.86: भूमि ही कृषि योग्य भूमि है इसलिए बल्ह घाटी की अत्यंत उपजाऊ भूमि का हवाई अड्डे के निर्माण के लिए अधिग्रहण करना तर्कसंगत एवं न्यायपूर्ण नहीं है। वहां पर किसान भी लगातार भूमि अधिग्रहण का भारी विरोध कर रहे हैं। सर्दियों के मौसम में अधिक धुंध व बरसात के मौसम में बाढ़ जैसी स्थिति के कारण यह जगह हवाई अड्डे के निर्माण रस्के लिए बिल्कुल भी उपयुक्त जगह नहीं है। जाहू क्षेत्र भूगौलिक रूप से हिमाचल प्रदेश के मध्य में स्थित है व तीन जिलों मंडी, हमीरपुर व बिलासपुर का केंद्र है।

# पीएम मोदी करेंगे 25 को करेंगे क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**क्षेत्रीय अस्पताल** ऊना में प्रस्तावित 16.50 करोड रुपए के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास 25 फरवरी को शाम 4 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा। जानकारी देते हुए भाजपा के जिला महामंत्री राजकुमार पठानिया ने बताया कि इस बड़ी परियोजना को पूर्व जयराम सरकार के समय ही तय कर दिया गया था। वहीं अब केंद्र

सरकार द्वारा इसके लिए बजट उपलब्ध कराए जाने के बाद प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से इसका शिलान्यास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बड़े स्वास्थ्य संस्थान के यहां स्थापित होने से जिला के लोगों को गंभीर रूप से घायलों और गर्भवती महिलाओं को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवा मिलेगी।

# 'प्रदेश में होगा सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का विरोध'

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

**हिमाचल प्रदेश** में कांग्रेस सरकार के द्वारा जो भी मजदूर विरोधि नीति लाई जाएगी। उसका गांव-गांव जाकर विरोध किया जाएगा और मजदूरों को उनके हक दिलाने के बारे में भी प्रयास किया जाएगा। मुख्यालय में जिला कुल्लू के ऊपर मंगल बाजार के मुख्यालय में मनरेगा निर्माण एवं सर्व कामगार संगठन की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता बंजार इकाई की अध्यक्ष भावना चौहान के द्वारा की गई। तो वहीं बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि इस साल संगठन के सदस्यों को बढ़ाया जाएगा और इनकी संख्या



इस साल 5000 से अधिक की जाएगी। इसके अलावा मई माह में बंजार में मजदूरों को उनके हक की जानकारी देने के लिए कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा। भावना चौहान ने बताया कि यह कार्यशाला दो दिनों तक आयोजित की जाएगी। जिसमें निर्माण व मनरेगा संबंधी कार्यों से जुड़े हुए मजदूरों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में अब गांव.गांव जाकर भी प्रदेश सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का विरोध किया जाएगा और इसके लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा। भावना चौहान ने बताया कि मनरेगा निर्माण एवं सर्व कामगार संगठन बीते कई सालों से मजदूरों की आवाज को उठा रहा है और प्रदेश में उनके हक भी दिलाई जा रहे हैं इसके अलावा बीते माह भी सरकार के खिलाफ संगठन के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया था। ऐसे में सरकार के समक्ष संगठन के द्वारा जो मांगे रखी गई है। उन्हें जल्द से जल्द पूरा करें।

# दबिश देकर मौके पर खैर के 205 नग किए बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। वन विभाग** की भगानी रेंज ने आज अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में एक संयुक्त टीम ने आंज भोज के एक निजी लकड़ी विक्रय केंद्र पर गुप्त सूचना के आधार पर दबिश की। जिसमें मौके पर खैर के 205 नग 3.824 घन मीटर लकड़ी बरामद हुई। जिसका कुल बाजारी मूल्य 6,27,866 रुपये आंका गया।जब्त की गई लकड़ी को राजपुर प्रधान अश्वनी सिंगला की मौजूदगी में वन विभाग की संयुक्त टीम ने गाड़ी के माध्यम से वन डिपू में ले जाया गया।

# बस व कार की टक्कर में तीन घायल

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ। प्रदेश में** सडक हादसे लगातार सामने आ रहे है। वहीं पांवटा साहिब-कालाअंब एनएच-07 पर कोलर के समीप, बस और कार की टक्कर में तीन लोग जख्मी हुए हैं। जानकारी के अनुसार यूपी नंबर की एसएसबी बस शिमला के रामपुर में जवानों को छोडकर वापस उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जा रही थी। इसी दौरान देहरादून से चंडीगढ़ की ओर जा रही यूके नंबर की कार से बस की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग गंभीर जख्मी हो गए, जिसके बाद घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। घायलों की पहचान कार चालक जासिफ , मेहरीन व साक्षी शर्मा हरियाणा के रूप में हुई है।

# 'नोडल अधिकारी कर्तव्य निष्ठा संग निर्वहन करें अपनी डयूटी'

## जिलाधीश ने नोडल अधिकारियों संग बैठक कर दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**आगामी लोक** सभा चुनाव के दृष्टिगत जिला ऊना में आदर्श आचार संहिता की अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों से नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त जतिन लाल ने की। बैठक में नोडल अधिकारियों को उनके दायित्व तथा आदर्श चुनाव आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपायुक्त ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी-अपनी डयूटी का कत्र्तव्य निष्ठा के साथ निर्वहन करें। उपायुक्त ने कहा कि कानून व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग, बैंक से होने वाले कैश के लेन-देन के लिए एलडीएम, अवैध शराब पर निगरानी के लिए उपायुक्त आबकारी एवं कराधान, अवैध खनन की निगरानी के लिए माईनिंग अधिकारी, आरटीओ अपने संबंधित बैरियरों पर आने जाने वाले वाहनों के साथ-साथ बॉर्डर ऐरिया तथा वन विभाग अपनी चैक पोस्टों पर निगरानी रखें। इसके अतिरिक्त उन्होंने नारकोटिक्स को अवैध दवाईयों की सप्लाई के साथ-साथ नशे की होने वाली अवैध गतिविधियों पर भी नज? रखने के लिए पुलिस और आबकारी एवं कराधान विभाग के साथ आवश्यक तालमेल रखें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग जिला में बॉर्डर के साथ लगते दूसरे राज्यों के जिलों के साथ समन्वय स्थापित करें, ताकि अवैध गतिविधियों पर नज? रखी जा सके।

बैठक में एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, एएसपी संजीव भाटिया, डीएफओ सुशील राणा, आरटीओ अशोक कुमार, उपायुक्त आबकारी एवं कराधान विनोद सिंह डोगरा, तहसीलदार निर्वाचन सुमन कपूर सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# गाहर व काईस पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

**हिमाचल प्रदेश** सरकार के एक साल की जनकल्याणकारी नीतियों, योजनाओं और उपलब्धियों को लेकर फ ोक मीडिया के माध्यम से जनमानस में जागरूकता के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के साथ संबद्ध निजी सांस्कृतिक दलो द्वारा गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुतियों से लोगों को विभिन्न योजनाओं के अलावा नशे के दुष्प्रभावों से भी अवगत करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में मन्नत कला मंच कुल्लू के कलाकारों द्वारा आज गाहर व काईस पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किये गए। आज मंच के कलाकारों ने समूह गीत, हिमाचल सरकार सबके चेहरे पर मुस्कान लाई व कुल्लवी नाटीओं के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया। साथ ही नाटक, विकास गंगा के माध्यम से



जानकारी देते हुए बताया कि राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना में 680 करोड़ रुपए रखें गए हैं जिसके पहले चरण में ई टैक्सी हेतू 500 परमिट बेरोजगार युवाओं को दिये जायेंगे साथ ही पुरानी पेंशन की बहाली ओपीएस, मुख्यमंत्री सुखआश्रय योजना, मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना, वृदाश्रम में रहने वालों हेतु त्यौहार अनुदान योजना के बारे भी विस्तार से बताया, गाहर पंचायत के प्रधान रोहित वत्स ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार जनहित में बेहतरीन योजनाओं का संचालन कर रही है, आपदा पीड़ितों के लिए 4500 करोड़ का आपदा राहत कोष बनाया गया। उन्होंने लोगों को इन महत्वपूर्ण योजनाओं से लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इन कार्यक्रमों के दौरान गाहर पंचायत के प्रधान रोहित वत्स, वार्ड पंच निर्मला, सिंहमल संस्कृति कला संगम गाहर प्रधान गेहर सिंह व काईस पंचायत प्रधान शीला देवी सहित महिला मंडल, युवक मंडल व अन्य गॉववासी शामिल रहे।

# कर्ण सिंह को मिला देशी गाय के गोबर से उत्पाद बनाने पर बेस्ट स्दिटार्टअप अवार्ड

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**आशा किरण संस्था** द्वारा हिमालयन श्री अवार्ड का आयोजन घुमारावी मे किया गया। इस समारोह में हिमाचल के उन सभी कलाकारों को सम्मानित किया गए जिन्होंने प्रदेश का नाम रोशन किया। आशा किरण संस्थान द्वारा बॉलीवुड के महानायक गुलशन ग्रोवर के हाथो हिमाचल के पहले स्टार्टअप कर्ण सिंह जो देशी गाय के गोबर से उत्पाद बनाते है। उन्हें बेस्ट स्दिटार्टअप अवार्ड 20240 दिया गया। यह प्रदेश का पहला ऐसा स्टार्टअप है जो गाय के गोबर से उत्पाद बनाते है और गोबर पांच रुपए किलो खरीद कर गांव के





किसान को फायदा देने की बात भी कर रहे है। साथ ही महिलाओ को भी इस स्टार्टअप मे रोजगार दिया जा रहा है। अगर सभी इन उत्पादों को खरीदना शुरू करे तो तो वो दिन दूर नहीं जब घर द्वार पर रोजगार होगा। गांव का किसान आत्मनिर्भर होगा और गांव से उसका पलायन रुकेगा। भारतीय देशी गौ वंश सडको मे नहीं गौशाला मे फि र से लोटेगा। कर्ण सिंह का मानना है की सभी इन उत्पादों का उपयोग करे और फिर से किसान व गौवंश को फिर से अर्थव्यवस्था से जोड़े। पर्यावरण अनुकूल उत्पादों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग कर ताकि हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहे। इन वो लोग उन उत्पादों का उपयोग जरूर करे जो गौ सेवा करना चाहते है।

# नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर के सौजन्य से शिव शक्ति युवक मंडल द्वारा मतदाता जागरूकता रैली

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**नेहरू युवा केंद्र** हमीरपुर के सौजन्य से शिव शक्ति युवक मंडल बकारटी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत युवाओं को शपत दिलाई साथ ही सभी युवाओ के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकालते हुए लोगों को जागरूक किया इस कार्यक्रम में पूर्व में रहे कौशल विकास निगम के वाइस चेयरमैन नवीन शर्मा वहां पर उपस्थित रहे। उनके द्वारा बताया गया कि आप सब युवा मतदाता, मतदाताओं की नई पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं। आपकी पीढ़ी हमारे



देश के भविष्य की कर्णधार है। मुझे विश्वास है कि आप सब, मतदान के महत्व के बारे में अपने संगी-साथियों को जागरूक बनाएंगे। यह भारतीय लोकतन्त्र और चुनाव प्रक्रिया को आपका अमूल्य योगदान होगा साथ ही उन्होंने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए मतदान भविष्य का विधाता होता है। युवा मतदाताओं को युवा पीढि ?ं को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। मतदान से अपने योग्य उम्मीदवार को चयनित करें। उन्होंने

## न्यूज़ फ्लैश

### करनाल में किसानों ने मनाया काला दिवस



**करनाल/राजकुमार प्रिंस:** देशभर में आज संयुक्त किसान मोर्चा के ऐलान के बाद किसानों द्वारा काला दिवस मनाया जा रहा है। वहीं करनाल में चढूनी ग्रुप द्वारा असंध रोड पर स्थित प्यौंत टोल प्लाजा पर धरना दिया गया। सरकार के पुतले का दहन किया गया, जबकि अन्य किसान संगठनों के सदस्यों ने जिला सचिवालय के बाहर धरना देकर हरियाणा और केंद्र सरकार के पुतले फूंके।

किसानों द्वारा धरना देकर सरकार व हरियाणा पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। किसानों के धरने के आसपास भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया। वहीं इस दौरान किसानों ने धरनास्थल पर आंदोलन में मारे गए किसानों को श्रद्धांजलि भी दी। किसानों ने मांग की जिस भी पुलिस अधिकारी द्वारा युवा किसान को गोली मारने के आदेश दिए गए, उसके ऊपर हत्या का मामला दर्ज कर किया जाए।

बता दें कि गत दिवस संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा युवा किसान शुभकरण की मौत और हरियाणा पुलिस द्वारा किसानों पर आंसू गैस के गोले व रबड़ की गोलियां चलाने के विरोध में आज काला दिवस मनाने का फैसला लिया गया था। जिसके चलते करनाल में किसानों द्वारा दोनों जगहों पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

### तस्वा ने फरीदाबाद में अपना पहला स्टोर लॉन्च किया




**फरीदाबाद।** आदित्य बिरला फैशन एण्ड रिटेल लिमिटेड और मशहूर डिजाइनर तरुण तहिलियानी के भारतीय मेन्सवियर ब्राण्ड तस्वा ने फरीदाबाद में कंपनी का पहला एक्सक्लूसिव स्टोर लॉन्च किया है। नया स्टोर पैसिफिक मॉल में स्थित है, जोकि फरीदाबाद का सबसे बड़ा मॉल है। यह स्टोर शहर और आस-पास के इलाके में रहने वाले ग्राहकों को आकर्षित करेगा। यहाँ कंपनी के नये नजरिये वाले और सावधानी से तैयार किये गये वेडिंग एवं ऑकेजन वियर की एक बड़ी रेंज होगी। इस रेंज में ग्राहकों को कंफर्ट और स्टाइल दोनों एकसाथ मिलेगा। फरीदाबाद में तस्वा का पहला स्टोर इस ब्राण्ड के सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह तरक्की पर जोर देता है और फैशन तथा लाइफस्टाइल के बेजोड़ उत्पाद देने के लिये प्रतिबद्ध है। ब्राण्ड का नया स्टोर 1828 वर्गफीट में फैला है और यहाँ कुर्ता, बंडी, शेरवानी, बंदगला, अचकन, चूड़ीदार, अलीगढ़ी की एक शानदार रेंज है। हर परिधान में तरुण तहिलियानी का मशहूर स्टाइल दिखता है। डिटेल पर पूरा ध्यान देकर विशेषज्ञता के साथ तस्वा फिट को बनाया गया है। नये स्टोर के शुभारंभ के बारे में तस्वा के चीफ डिजाइन ऑफिसर तरुण तहिलियानी ने कहा, ह्यतस्वा लंबे वक्त से मेरा सपना था, जोकि आदित्य बिरला फैशन एण्ड रिटेल के जरिये संभव हुआ है। यह नाम ही किसी के सर्वोत्तम स्वरूप को व्यक्त करता है और हमने अपने ब्राण्ड को ऐसा बनाने में कड़ी मेहनत की है। काफी लंबे समय से मैं सुन रहा हूँ कि एथनिक वियर आरामदायक नहीं होता है और तस्वा इसी सोच को बदलने की कोशिश है। हमने ऐसे परिधानों को डिजाइन किया है, जो हमारे उपभोक्ता यानि भारतीय पुरुष को शानदार और अंतर्राष्ट्रीय स्तर देते हैं। इस लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए, तस्वा के ब्राण्ड हेड आशीष मुकुल ने कहा, ह्यतस्वा ने ग्राहकों के साथ उल्लेखनीय ढंग से जुड़ाव बनाया है, क्योंकि इसके उत्पाद श्रेणी में सबसे बेहतरीन हैं। तस्वा मेन्स इंडियन वियर के उपभोक्ताओं को स्टोर का अनूठा अनुभव भी देता है। हमारे पास पुरुषों के लिये भारतीय अवसरों और शादियों के सारे परिधान तथा एसेसरीज हैं।

# बोलार्ड लाइट व हाई मास्ट लाइट का संचालन एवं रख-रखाव करेगी एचपीएल एजेंसी

## केएससीएल व एचपीएल प्रतिनिधियों की मीटिंग में निगमायुक्त ने दिए निर्देश

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल:** नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड (के.एस.सी.एल.) और शहर में एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट लगाने का काम कर रही एजेंसी, हिंदूस्तान प्राईवेट लिमिटेड (एच.पी.एल.) के प्रतिनिधियों के साथ शुक्रवार को एक मीटिंग की। मीटिंग में उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में मौजूद बोलार्ड लाईट व हाई मास्ट लाईट का संचालन एवं रख-रखाव एच.पी.एल. एजेंसी करेगी। उन्होंने कहा कि यह कार्य आगामी 1 मार्च से शुरू हो जाना चाहिए।



स्ट्रीट लाईटों की ब्लिंकिंग की समस्या होगी दूर- स्ट्रीट लाईटों की ब्लिंकिंग की समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वह शहर का सर्वे कर 3 दिन के अंदर-अंदर रिपोर्ट पेश करें कि प्रकाश के झपकने की समस्या कहां ज्यादा आ रही है। इसे ठीक करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम से उन जगहों पर डिजिटल मीटर लगवाए जाएंगे। लाईटों का लोड यानि भार भी चैक किया जाए। इसके अतिरिक्त कोई अन्य जगह, जहां पर ऐसे मीटर लगवाए जाने की आवश्यकता हो, वहां भी लगवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए एल्गोरिदम यानि कलन विधि का भी प्रयोग किया जा सकता है।

स्ट्रीट लाईट सिस्टम आई.सी.सी.सी. से होगा कनैक्ट- उन्होंने के.एस.सी.एल. प्रतिनिधियों के हवाले से बताया कि स्ट्रीट लाईट सिस्टम आगामी 10 मार्च तक नगर निगम के द्वितीय तल पर स्थापित इंटीग्रेटिड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आई.सी.सी.सी.) से शत प्रतिशत जोड़ दिया जाएगा। इसके बाद यह समुचित कार्य करने लगेगा। इसके जुडे से आई.सी.सी.सी. में बैठा कर्मचारी शहर में लगी लाईटों पर अपनी निगरानी रख सकेगा। उन्होंने बताया कि स्ट्रीट लाईट परियोजना 31 मार्च 2024 तक पूर्ण हो जाएगी। मोबाईल एप्लीकेशन की जा रही विकसित- उन्होंने बताया कि शहरवासियों की सुविधा के लिए एच.पी.एल. कम्पनी की ओर से एक मोबाईल एप्लीकेशन विकसित की जा रही है। इसकी सहायता से नागरिक खराब स्ट्रीट लाईट की शिकायत आसानी से कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि, की गई शिकायत का समाधान 48 घण्टे में किया जाएगा।

**जिम्मेवारी**

8 स्ट्रीट लाईटों की ब्लिंकिंग की समस्या को दूर करने के लिए एजेंसी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए

# सोने की चेन चुराने वाला काबू, चेन बरामद

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल:** बर्गलरी स्टाफ की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी सुरेश कुमार पुत्र मनसा राम वासी कैथल को कैथल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से 7 जनवरी को शिकायतकर्ता सतपाल के पुलिस लाइन में स्थित क्वार्टर से सोने की करीब डेढ़ तोले कीचोरी हुई चेन को बरामद किया गया। इस चेन की कीमत करीब एक लाख रुपए आंकी गई है। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना रामनगर में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी से पूछताछ में पाया गया कि उसने लालच में आकर वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी सुरेश को चेन बरामदगी के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



**काबू किया**

8 पुलिस लाइन में स्थित क्वार्टर से सोने की करीब डेढ़ तोले कीचोरी हुई चेन को बरामद किया गया।

# सरकार दे रही है सूक्ष्म सिंचाई पद्धति को बढ़ावा : हरिदेव कांबोज



**करनाल**

**राजकुमार प्रिंस: जल** बचाने व जल सिंचाई प्रबंधन के लिए हरियाणा सरकार सूक्ष्म सिंचाई पद्धति को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए किसानों को सरकार द्वारा 85 प्रतिशत अनुदान राशि भी दी जा रही है। इसके लिए किसानों को सूक्ष्म सिंचाई एवं कमान क्षेत्र विकास प्राधिकरण (मिकाडा) के पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करना होता है।

इस पद्धति के तहत ही खंड असन्ध के गांव बल्ला में किसान कृष्णचंद के खेत में 3.25 एकड़ में मिकाडा विभाग के माध्यम से नेटाफीम कम्पनी द्वारा ड्रिप सिस्टम लगाया गया है, जिसकी स्थापना वीरवार को मिकाडा डिवीजन करनाल के कार्यकारी अभियन्ता हरिदेव काम्बोज ने की। इस मौके पर जेई अभिषेक पाठक भी मौजूद रहे। उन्होंने किसान कृष्णचंद से बातचीत भी की, जिस पर किसान ने बताया कि वह सरकार द्वारा किसान हित में चलाई जा रही।

# बिजली शिकायतों के निपटारे के लिए बैठक 27 फरवरी को

**करनाल**

**राजकुमार प्रिंस:** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिए अध्यक्ष परिचालन उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, राजीव गांधी विद्युत सदन, सैक्टर-12 करनाल के कॉन्फ्रेंस हॉल में 27 फरवरी को प्रातः 11 बजे बैठक का आयोजन करेंगे। इसमें बिजली संबंधी वे समस्याएं, जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के बाद भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है, को फोरम के समक्ष रखा जा सकता है। इस संबंध में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल के अधीक्षक अभियंता कशिक मान ने बताया कि बैठक में ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधी केस कोर्ट में विचाराधीन हैं तथा जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे 6 परियोजनाओं का शिलान्यास, एक का उद्घाटन

**करनाल**

**राजकुमार प्रिंस:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 फरवरी को करनाल प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री 6 परियोजनाओं का शिलान्यास और एक का उद्घाटन करेंगे। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम स्थल का अधिकारियों की टीम के साथ दौरा किया गया और प्रबंधों का जायजा लिया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 फरवरी को यहां कल्पना चावला मेडिकल कालेज ऑडिटोरियम से पांच परियोजनाओं को शिलान्यास करेंगे।



इनमें 169.58 करोड़ की लागत से कल्पना चावला मेडिकल कालेज के फेज-दो का निर्माण, 14.88 करोड़ की लागत से घरौंडा हलका में कंबोपुरा गांव के नजदीक एलवीयूपी (लाइट व्हीकल अंडरपास) तथा राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर अन्य संबंधित कार्यों का निर्माण, 33.41 करोड़ की लागत से कुटेल स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय हैल्थ साईंस यूनिवर्सिटी में प्राइवेट वार्ड का निर्माण, गोहाना हल्का के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह राजकीय मेडिकल कालेज में 419.13 करोड़ की लागत से फेज-3 का निर्माण, पंडित भगवत दयाल शर्मा पीजीआईएमएस रोहतक में 155.36 करोड़ की लागत से बनने वाले प्राइवेट वार्ड और जींद जिला के सफीदों में 43.44 करोड़ की लागत से बनने वाले राजकीय नर्सिंग कालेज को निर्माण शामिल है।

# तेजिन्द्र सिंह तेजी ने किया तालाबों की वर्तमान स्थिति का अवलोकन

## हरियाणा सरकार प्रदेश के तालाबों के सुधारीकरण की ओर विशेष ध्यान दे रही है

**करनाल**

**राजकुमार प्रिंस:** हरियाणा तालाब व अपशिष्ट्द जल प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य तेजिन्द्र सिंह तेजी ने आओ चले तालाब की ओर अभियान के तहत संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर खंड इन्द्री के गांव समौरा के तीनों तालाबों की वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

तेजिन्द्र सिंह तेजी ने बताया कि हरियाणा सरकार प्रदेश के तालाबों के सुधारीकरण की ओर विशेष ध्यान दे रही है ताकि काफी समय से प्रायः मृत पड़े गन्दे तालाबों का जीर्णोद्वार किया जा सकें। उन्होंने बताया कि प्रदेश के लगभग साढे



अठारह हजार तालाबों की दशा सुधारने के लिए ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने तालाब प्राधिकरण का गठन किया है। उन्होंने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री ने फतेहाबाद से नौ जिलों के 60 अमृत प्लस सरोवरों का उदघाटन किया है और जल्द ही अन्य जिलों के अमृत प्लस सरोवरों का उद्घाटन भी किया जाएगा।

उन्होंने गांव समौरा में तालाबों की स्थिति में सुधार करने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि वे तालाबों पर चल रहे कार्य में तेजी लाएं, ताकि जनता को इनसे लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि तालाबों के सुधारीकरण के कार्यों में किसी प्रकार की कोताही न बरतें और समयबद्व तरीके से कार्य करते हुए जल्द से जल्द कार्य को पूरा करें। उन्होंने बताया कि समौरा के करू तालाब पर सोलर वाटर पंप के जरिये किसानों को सिंचाई के लिए पानी भी उपलब्ध करवाया जा रहा है और जल्द ही गांवों में स्थित पंडित वाले तालाब पर भी सोलर वाटर पंप लगवा दिया जाएगा, ताकि इस किसानों को सिंचाई के पानी उपलब्ध होने के साथ-साथ इन तालाबों में गन्दें पानी की अधिकता होने वाली ऑवर फ्लों की समस्या भी समाप्त होगी।

तेजी ने बताया कि तालाबों पर गन्दे पानी के उपचार के लिए वैटलैंड व सिंचे वाला तकनीक के माध्यम से पानी का उपचार किया जाएगा, ताकि उपचारित पानी का उपयोग सिंचाई, मछली पालन व पशुओं के पीने के लिए किया जा सके। इस मौके पर पंचायती राज विभाग के एसडीओ हुकम सिंह, एसडीओ हिमांशु पंजेटा, जेई लखविन्द्र सिंह, पंचायत सचिव नवीन कुमार सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# गर्दन का दर्द सर्विकल स्पोंडिलोसिस का संकेत हो सकता है

**झज्जर :** बदलती जीवनशैली के साथ रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। ये वर्क फ्रॉम होम प्रोफेशनल्स के साथ हर उम्र के लोगों में आम होती जा रही हैं। अध्ययनों में सामने आया है कि 128.1% से ज्यादा वयस्क सर्विकल स्पोंडिलोसिस जैसी रीढ़ की किसी न किसी समस्या से पीड़ित हैं।इस मामले में डॉ. अनुराग सक्सेना, एचओडी एवं कंसल्टैंट सर्जिकल न्यूरोसर्जरी, मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली ने बताया, सर्विकल स्पोंडिलोसिस शुरूआती चरण में कोई संकेत प्रदर्शित नहीं करता, लेकिन गर्दन में दर्द और जकड़न इसके सबसे आम लक्षण हैं। गर्दन के दर्द को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह सर्विकल स्पोंडिलोसिस की वजह से हो सकता है। लोग अक्सर अंगों के सुन्न पड़ने या कमजोरी, गर्दन में दर्द जो एक या दोनों भुजाओं तक फैलता हो, गर्दन घूमने में मुश्किल, चलने में कठिनाई, तालमेल में कमी, मूत्राशय या आंत्र नियंत्रण की समस्याएं और बार-बार सिरदर्द जैसे लक्षणों पर ध्यान नहीं देते हैं। सर्विकल स्पोंडिलोसिस में उम्र की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को इसका खतरा ज्यादा होता है। लंबे समय तक बैठकर काम करने और कम शारीरिक गतिविधि के कारण इसका जोखिम बढ़ जाता है। यह गर्दन में पहले कभी चोट लगने और आनुवंशिक कारणों से भी हो सकता है। धूम्रपान से भी गर्दन का दर्द बढ़ता है। नियमित व्यायाम और फिजिकल थेरेपी सर्विकल स्पोंडिलोसिस से आराम दे सकती हैं। मांसपेशियों के खिंचाव और उन्हें मजबूत बनाने तथा शारीरिक मुद्रा में सुधार लाने पर केंद्रित व्यायाम इसमें मदद करते हैं। बर्फ की और गर्म मालिश भी दर्द और परेशानी से राहत दे सकती है।सर्विकल स्पोंडिलोसिस से आराम पाने के लिए स्वस्थ आहार भी जरुरी है।

# प्लास्टिक पर पुनर्विचार विषय पर व्याख्यान आयोजित

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में भूगोल समिति द्वारा प्लास्टिक पर पुनर्विचार वह सब कुछ जो आपको जानना जरूरी हैह्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. संजीव अरोड़ा, केयू रसायन विभाग का भूगोल विभाग की प्रो. राजेश्वरी ने स्वागत किया। मुख्य वक्ता प्रो. संजीव अरोड़ा ने प्लास्टिक के इतिहास, इसके प्रकार, उपयोग व गुणों तथा अवगुणों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने विशेष रूप से एकल उपयोगी प्लास्टिक को प्रयोग में न लाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एकल उपयोगी प्लास्टिक पर्यावरण, मनुष्य व जीवां के लिए अत्यंत हानिकारक है।




उन्होंने एकल उपयोगी प्लास्टिक जैसे शैम्पू पाउच, जूस, स्ट्रॉ आदि पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने की सलाह दी। भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो. एसपी कौशिक ने विषय पर अति महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने के लिए मुख्य वक्ता का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक, शोधार्थी व छात्र उपस्थित रहे।

# 'जीवन को संतुलित बनाने के लिए योग का अभ्यास जरूरी'

**करनाल**

**राजकुमार प्रिंस:** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत हर घर परिवार सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता, मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में बाबा बालकनाथ मंदिर एलआईसी कक्षा से आयोजित की गई। प्रतिस्पर्धा का मुख्य उद्देश्य लोगों को योग से जोड़ना है। प्रतियोगिता के दौरान दिनेश गुलाटी ने बताया कि सूर्य नमस्कार सुबह के समय खुले में पूर्व दिशा में, उगते सूरज से करना चाहिए, जिससे उगते सूरज के प्रकाश से विटामिन डी मिलता है, हड्डियां मजबूत होती हैं, त्वचा



स्वस्थ रहती है और मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। प्रतियोगिता में लगभग सभी शिक्षकों और साधकों ने भाग लिया। महिला वर्ग से राधिका भाटिया, कोमल कंबोज और शर्मिला विजयी हुए। पुरुष वर्ग से सतीश कुमार, बलराज और सुशील विजयी रहे। दंपत्ति प्रतियोगिता के कोमल कंबोज और संदीप कंबोज चुने गए। दिनेश गुलाटी ने एलआईसी के कर्मठ साथी जसवंत को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया।

**योगाभ्यास**

8 सूर्य नमस्कार सुबह के समय खुले में पूर्व दिशा में, उगते सूरज से करना चाहिए

इस अवसर पर शिक्षिका राधिका भाटिया, कोमल कंबोज, नवजोत, शर्मिला, शशि, सुनीता, संजम, मीनाक्षी, जसवंत, सतीश, अमरसिंह, बलराज, ओम दत्त और अन्य कई साधक मौजूद रहे।

# 'मुख्यमंत्री कप-2024 के लिए 26 फरवरी तक कर सकते हैं ऑनलाईन पंजीकरण'

## राज्य स्तर पर विजेता टीमों को 2 लाख का प्रथम पुरस्कार, डेढ़ लाख का द्वितीय पुरस्कार तथा 1 लाख का तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा

**करनाल**

**राजकुमार प्रिंस**

**हरियाणा** मुख्यमंत्री कप-2024 के लिए 14 से 23 आयु वर्ग के महिला एवं पुरूष खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इन खेलों में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को पोर्टल हरियाणास्पोर्टसडॉटजीओवीडॉटइन पर 26 फरवरी तक आवेदन करना होगा। प्रदेश के सभी ब्लाकों में 28 फरवरी से 3 मार्च तक, जिला स्तर पर 5 मार्च को, मंडल स्तर पर 7 मार्च को तथा 9 मार्च तक राज्य स्तर पर आयोजित करवाएं जाएंगे।

यह जानकारी खेल विभाग के प्रधान सचिव नवदीप विर्क ने शुक्रवार को वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला



उपायुक्तों को दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा मुख्यमंत्री कप 2024 खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं का रूझान खेलों के प्रति बढ़ाना है। ताकि युवा अपनी ऊर्जा का सही दिशा में प्रयोग कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि इन प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों का भरपूर सहयोग लिया जाएगा और ग्राम पंचायतें भी अपना सहयोग देगीं। उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि अपने-अपने जिलों में उक्त खेल प्रतियोगिता को लेकर पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग के सहयोग के साथ-साथ कानून व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिता में विजेता टीमों को नकद राशि का पुरस्कार दिया जाएगा जिसके तहत 2 लाख रूपए की राशि का प्रथम पुरस्कार, डेढ़ लाख रूपए की राशि का द्वितीय पुरस्कार तथा 1 लाख रूपए की राशि का तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा। वीसी में खेल विभाग के निदेश्क यशविन्द्र सिंह ने बताया कि हरियाणा मुख्यमंत्री कप-2024 का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में 6 खेलों को शामिल किया गया है।

**आयोजन**

8 यशविन्द्र सिंह ने बताया कि हरियाणा मुख्यमंत्री कप-2024 का आयोजन किया जाएगा

# कैथल रोड पहुंची भगवान शिव की पालकी

**जय भोलेनाथ**

8 भोलेनाथ की महिमा का गुणगान करते हुए शिव भक्त मोहन शर्मा के निवास पर विश्राम लिया

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल:** शिव प्रभातफेरी की ओर से निकाली जा रही भगवान शिव की पालकी शुक्रवार को कैथल रोड पहुंची, जहां शिव भक्तों ने पालकी पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। मधुर भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर



आए। आज प्रभातफेरी कैथल रोड पुलिस लाइन शिव मंदिर से प्रारंभ हुई और भोलेनाथ की महिमा का गुणगान करते हुए शिव भक्त मोहन शर्मा के निवास पर विश्राम लिया। मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने कहा कि 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। उन्होंने कार्यक्रम में बढ़ चढकर शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं का आह्वान किया। इस अवसर पर मोहन शर्मा, विकास भुटानी, भारत भूषण, रामगोपाल, शशि भूषण, काले राम, अनिल छाबड़ा, प्रमोद नागपाल, प्रवीन सचदेवा, गगन सचदेवा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## संपादकीय

# फली नरीमन, सयानी गुम हुई दो आवाजें

**90 साल** के पार जाकर बुधवार को ऐसी दो महान शख्सियतें सदा के लिये जुदा हो गईं, जिन्होंने अपनी आवाजों के दम पर लम्बे समय तक अपने-अपने कार्यक्षेत्रों को गुंजायमान किये रखा था। इनमें से एक हैं महान विधिवेत्ता फली सैम नरीमन जिन्होंने लगभग सात दशकों तक पहले बॉम्बे हाईकोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न न्यायाधीशों के समक्ष अनगिनत मामलों की सुनवाइयों के दौरान अपने कानूनी तर्कों को न जाने कितनी बार 'मी लॉर्ड' के सम्बोधनों के साथ पेश करते हुए अपनी प्रखर मेधा, प्रतिभा व तर्क क्षमता से सबको मंत्रमुग्ध किया, तो वहीं दूसरी तरफ भारतीय रेडियो के सबसे चहेते उद्घोषक अमीन सयानी भी इस जहां के अपने करोड़ों 'भाइयो और बहनो' को अलविदा कह गये। फली एस नरीमन के कहे शब्द यदि कानों से होकर बुद्धि को झकझोरते थे, तो अमीन सयानी की मधुमिश्रित आवाज कानों में पड़ते ही सीधे दिल का रास्ता पकड़ लेती थी। उनकी उम्र क्रमशः 91 तथा 95 वर्ष थी। दोनों ही भारतीयों के जीवन का अविभाज्य हिस्सा रहे- एक कानूनी किताबों के माध्यम से तो दूसरे रेडियो के जरिये। 10 जनवरी, 1929 को तत्कालीन रंगून कहे जाने वाले और अब येंगून बन चुके म्यांमार (तब का बर्मा) में एक पारसी परिवार में जन्मे नरीमन ने स्कूली शिक्षा हिमाचल प्रदेश के शिमला से तथा अर्थशास्त्र के साथ बीए व कानून की शिक्षा मुंबई के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थानों से पूरी की। बहुत कम उम्र में बाम्बे हाईकोर्ट से उन्होंने वकालत शुरू की और अल्प समय में ही उन्होंने कानून व संविधान सम्बन्धी अपने ज्ञान का लोहा मनवा लिया था। यहां 22 साल तक प्रेक्टिस करने के बाद बाद वे दिल्ली चले आये और जल्दी ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में भी अपनी धाक जमाई। 1971 में भारत सरकार के वे सर्वोच्च न्यायालय में वरिष्ठ वकील रहे। फिर 1972 से 1975 तक अतिरिक्त लोक अभियोजक थे परन्तु आपातकाल लगाने के विरोध में उन्होंने त्यागपत्र दे दिया। बाद में 2011 से 2013 तक वे भारत सरकार के सॉलिसिटर जनरल रहे। पद्मभूषण व पद्म विभूषण से सम्मानित फली एस नरीमन ने अनेक महत्वपूर्ण व मील के पत्थर साबित हुए मुकदमों में अहम भूमिका निभाई थी। 1999 से 2005 तक वे राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिये नियुक्त किये गये थे। उनका काम केवल कोर्ट रूम तक ही सीमित नहीं था। अनेक तरह की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं व संगठनों के वे प्रमुख भी रहे थे। उनकी आत्मकथा 'बिफोर मेमोरी फेड्स' काफी लोकप्रिय हुई थी जिसमें उन्होंने अपने वकालती पेशे के बाहरी-भीतरी पक्षों को उजागर किया है। उनके नाम पर विस मूट ईस्ट का 'फली नरीमन पुरस्कार' भी रखा गया है। भोपाल के कुख्यात गैस ट्रेजेडी में आरोपी कम्पनी यूनियन कार्बाइड का केस लड़ने पर आजन्म पछताने वाले नरीमन ने कहा था कि 'काश वे यह मामला हार जाते।' अपनी आत्मकथा में भी उन्होंने इस पर अफसोस जताया है। इस केस में उन्होंने यूनियन कार्बाइड तथा पीड़ितों के बीच कोर्ट के बाहर समझौते की पेशकश की थी और उन्हें एक बड़ा मुआवजा प्रस्तावित किया था। इसके बावजूद भारत के सेकुलर ताने-बाने के हमेशा पक्षधर रहे इस महान कानूनविद की लोकप्रियता व प्रतिष्ठा में कोई कमी नहीं आई थी। जिस कॉलेजियम सिस्टम के जरिये आज शीर्ष न्यायालय के चीफ जस्टिस की नियुक्ति होती है, उसे मान्यता 1993 के एक प्रसिद्ध मामले से मिली थी जो 'सेकेंड जज केस' के नाम से जाना जाता है।

# सहमति से हो इंडिया गठबंधन में सीटों का बंटवारा

रमेश सर्राफ धमोरा

"इसी तरह उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने भी भाजपा से गठबंधन कर इंडिया गठबंधन को अलविदा कह दिया है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले ही इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों से किसी भी तरह का चुनावी गठबंधन करने से इनकार कर दिया है। ममता बनर्जी ने बंगाल में कांग्रेस के लिए उनकी मौजूदा दो लोकसभा सीटों को ही छोड़ने की बात कही है। जबकि कांग्रेस वहां अधिक सीटों पर दावा कर रही थी। इससे वहां सीटों का तालमेल नहीं हो पा रहा है। ममता बनर्जी ने अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही ममता बनर्जी त्रिपुरा, असम, गोवा में भी चुनाव लड़ने की बात कह रही है"

**केंद्र में** सत्तारूढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश के 28 प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं ने एक साथ मिलकर इंडिया गठबंधन बनाया है। इंडिया गठबंधन बनने से देश के लोगों को राजनीति में एक नया विकल्प तो मिला ही है। उसके साथ ही उन्हें लगने लगा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में इस गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दल एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे तो भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को कड़ी टक्कर देंगे। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस सहित कई राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पार्टियां शामिल है। इनमें से बहुत सी क्षेत्रीय पार्टियों की उनके प्रदेशों में सरकार भी चल रही है। इंडिया गठबंधन की कई बैठके भी हो चुकी है। मगर गठबंधन में सीटों का बंटवारा नहीं होने से आपसी मनमुटाव की स्थिति बनी हुयी है। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी है। ऐसे में कांग्रेस का दायित्व बनता है कि वह गठबंधन में शामिल सभी दलों को साथ लेकर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारे जल्दी से करें। मगर अभी तक ऐसा हो नहीं पाया है। चूंकि देश में 10 साल बाद भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का एक गठबंधन बना है। इसको सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए इसका संयोजक भी बनाया जाना चाहिए था। मगर कई महीने निकल जाने के बाद भी अभी तक विधिवत रूप से इंडिया गठबंधन का संयोजक का नाम घोषित नहीं हो पाया है। सीटों का बंटवारा नहीं होने के कारण गठबंधन में शामिल कई राजनीतिक दल नाराजगी जाहिर करने लगे है। इंडिया गठबंधन को लेकर कांग्रेस द्वारा बरती जा रही ढलाई के चलते ही बिहार में जनता दल यू गठबंधन से बाहर होकर फिर से एनडीए में शामिल हो गया है। जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ मिलकर बिहार में सरकार भी बना ली है। नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन को बनाने वाले मुख्य राजनेताओं में शामिल थे। वह इंडिया गठबंधन के संयोजक बनना चाहते थे। मगर गठबंधन में शामिल कई दलों के नेताओं में आपसी खींचातान के चलते नीतीश कुमार संयोजक नहीं बन सके। इसी से खफा होकर उन्होंने इंडिया गठबंधन को छोड़ दिया। जीतन राम मांझी की हम पार्टी बिहार में पहले ही इंडिया गठबंधन से बाहर निकल चुकी थी।



इसी तरह उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने भी भाजपा से गठबंधन कर इंडिया गठबंधन को अलविदा कह दिया है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले ही इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों से किसी भी तरह का चुनावी गठबंधन करने से इनकार कर दिया है। ममता बनर्जी ने बंगाल में कांग्रेस के लिए उनकी मौजूदा दो लोकसभा सीटों को ही छोड़ने की बात कही है। जबकि कांग्रेस वहां अधिक सीटों पर दावा कर रही थी। इससे वहां सीटों का तालमेल नहीं हो पा रहा है। ममता बनर्जी ने अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही ममता बनर्जी त्रिपुरा, असम, गोवा में भी चुनाव लड़ने की बात कह रही है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस के साथ सीटों का बंटवारा नहीं होने के चलत 31 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की एकतरफा घोषणा कर दी थी। इनमें वह लोकसभा सीटें भी शामिल हैं जहां से कांग्रेस चुनाव लड़ने का दावा कर रही है। अखिलेश यादव की एकतरफा घोषणा से उनका कांग्रेस के साथ गठबंधन खटाई में पड़ता नजर आ रहा था। मगर कांग्रेस ने अखिलेश यादव की सभी शर्तें मान कर उत्तर प्रदेश में गठबंधन को टूटने से बचा लिया है। अखिलेश यादव ने कांग्रेस को 17 सीटें देने की बात कही है। बिहार में राजद, कांग्रेस, वामपंथी दलों को मिलकर चुनाव लड़ना है। मगर वहां नीतीश कुमार की जदयू के गठबंधन से बाहर जाने के बाद लालू प्रसाद यादव की राजद 28 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कर रही है। जबकि कांग्रेस वहां 10 सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है। वामपंथी दल भी वहां आठ सीटों पर दावा कर रहें है। ऐसे में यदि समय रहते बिहार में सीटों का बंटवारा नहीं हुआ तो गठबंधन की गांठ ढीली पड़ जाएगी। तमिलनाडु में कांग्रेस ने 2019 में द्रुमक के साथ मिलकर नो सीटों पर चुनाव लडकर आठ सीट जीती थी। मगर अब कांग्रेस वहां 16 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। जबकि द्रुमक कांग्रेस को 7 सीट ही देना चाहती है। तमिलनाडु में भी इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में सीट बंटवारे को लेकर आपसी रार मची हुई है। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को दिल्ली में तीन सीट देने की बात कही है। वहीं पंजाब में सीटों के बंटवारे को लेकर अभी तक बात नही बनी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तो पंजाब में आम आदमी पार्टी द्वारा अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा भी कर दी गयी थी। आप ने कांग्रेस से हरियाणा, गुजरात, गोवा, असम की कुछ सीटों की भी मांग की हैं।महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार ) व कांग्रेस की महाविकास अघाडी के साथ वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के प्रकाश अंबेडकर के शामिल होने से महाविकास अघाड़ी मजबूत हुई है। मगर महाराष्ट्र में भी अभी सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया है। हालांकि महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दल एकजुटता के साथ चुनाव में उतरने को तैयार हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दलों को एक साथ मिलकर चुनाव लड़ना होगा तभी वह भाजपा से मुकाबला कर पाएंगे। इसके लिए सबसे पहले इंडिया गठबंधन के संयोजक का चयन करना होगा। गठबंधन मे सबसे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस पार्टी को चाहिए कि जहां क्षेत्रीय दल मजबूत है। वहां उनके लिये अधिक सीटे छोडें ताकि भाजपा को कड़ी टक्कर दे सके। वहीं कर्नाटक, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ,. हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड जैसे प्रदेश जहां कांग्रेस मजबूत स्थिति में है वहां वह अधिक सीटों पर चुनाव लड़े। वर्तमान समय में कांग्रेस पार्टी महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, जम्मू कश्मीर, त्रिपुरा, गोवा जैसे राज्यों में बहुत कमजोर स्थिति में पहुंच गई है। इन प्रदेशों में क्षेत्रीय दल बहुत मजबूत है। ऐसे में कांग्रेस को इन प्रदेशों में क्षेत्रीय दलों की मदद करनी चाहिए। ताकि इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दल एक साथ मिलकर भाजपा नीत एनडीए से मुकाबला कर सके। कांग्रेस के नेता जब तक बड़ा मन रखकर सीट बंटवारे को अंतिम रूप नहीं देंगे तब तक गठबंधन में शामिल नेताओं में आपसी मनमुटाव जारी रहेगा। इसलिए इंडिया गठबंधन के नेताओं को सबसे पहले सीटों का बंटवारा कर मनमुटाव की स्थिति को समाप्त करना होगा। तभी इंडिया गठबंधन एकजुट से चुनावी मुकाबले में उतर पायेगा।

## कविता

शब्द तेरे,छंद तेरे,कविता तेरी'

हवाएँ तेरी,शहर तेरा,मंजिल तेरी,
पल ठहर जायेंगे,मर्जी होगी तेरी,

शब्द तेरे,छंद तेरे,कविता तेरी,
गुनगुनायेँगे हम,हामी होगी तेरी'

आसमान तेरा,रंग तेरे,परिंदे तेरे,
उकेरेंगे आकृति, मर्जी होगी तेरी.

भाव तेरा, मन तेरा, भावनाएं तेरी,
रच लेंगे पंक्तिया, होगी लेखनी तेरी।

कलिया तेरी,पुष्प तेरे,उपवन तेरा,
हाथों में सजा देंगे, होगी मेहंदी तेरी।

कुह कुह तेरी,चह चहाहट तेरी,
खूब चहकेंगे,होगी चांदनी तेरी।

झरने तेरे,नदियां तेरी,सागर तेरे,
पी लेंगे नीर,नदिया होगी
तेरी।

पगडण्डी तेरी,सड़के भी तेरी,
तय करेंगे सफर,होगी गलियां तेरी।

पवन तेरा,गगन तेरा,आकाश तेरा,
उड़ जायेंगे, होंगी मेहरबानी तेरी।

संजीव
---------

# नियमित योग करेगा पाचन शक्ति को मजबूत

**अलका सिंह**

**हेल्दी शरीर** के लिए भोजन का हेल्दी पाचन जरूरी है। आपके खाने की आदतें और गतिविधियां पाचन प्रक्रिया को सीधे प्रभावित करती हैं। आपका पेट ठीक रहेगा तो उसका असर आपकी फि?टनेस और ग?लो पर भी नजर आएगा। आप अपनी जीवन शैली या खाने की आदतों में बदलाव करके अपने पाचन तंत्र को हेल्दी और मजबूत रख सकते हैं। पाचन सुधारने और आपकी आंत को मजबूत बनाने के लिए यहां कुछ योग आसन हैं। कई लोग सवाल भी करते हैं कि पाचन तंत्र को कैसे मजबूत करें? या पाचन को हेल्दी रखने के नेचुरल तरीके क्या हैं?

ऐसे में योग गुरु अलका सिंह यहां कुछ लाभकारी योग आसानों के बारे में बता रही है जिनको करके आपके पाचन को हमेशा हेल्दी रखा जा सकता हैं। हेल्दी पाचन और पेट को दुरुस्त करने लिए रोज करें ये योगासन।

**त्रिकोणासन**

त्रिकोणासन या त्रिकोण मुद्रा पाचन में सुधार करती है, भूख को उत्तेजित करती है और कब्ज से राहत दिलाती है। यह आपके गुर्दे और पेट के अन्य अंगों के लिए भी फायदेमंद है।

**बालासन**

बालासन या चाइल्ड पोज की मुद्रा तनाव को छोड़ देती है और आपके दिमाग को शांत करती है। योग मुद्रा आपके जांघों, कूल्हों और लसीका प्रणाली के लिए भी फायदेमंद है। यह आपके पाचन को बेहतर करने में भी काफी लाभकारी हो सकती है। बलासन आपके पाचन को मजबूत बना सकता है

**पवनमुक्तासन**

पवनमुक्तासन वाली मुद्रा गैस और पेट की बीमारियों को दूर करती है। यह आपके पाचन में सुधार करेगा और आपके पेट से गैस को बाहर निकाल सकता है। यह आपके पेट की मांसपेशियों को भी मजबूत बनाने में मददगार माना जाता

**पसचिमोत्तानासन**

पसचिमोत्तानासन या आगे की ओर झुकना आसन गैस और कब्ज से राहत देने में मदद करता है। यह पेट की चर्बी को भी कम करता है और धीरे-धीरे अंगों की मालिश करता है।

**वज्रासन**

यह सबसे आसान आसनों में से एक है और इसके फायदे अनेक हैं।यह पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है, साथ ही फिगर को मेंटेन रखने में भी मददगार साबित होता है। वज्रासन करने से जठराग्नि बढ़ती है। जठराग्नि को आप उस ऊर्जा के रूप में समझ सकते हैं। यह भोजन पचाने और हमारे शरीर को शक्ति देने का काम करती है।

**वक्रासन**

इससे शरीर को डिटॉक्स करने में सहायता मिलती है। इससे पाचन तंत्र मजबूत होता है और कब्ज या शरीर में भारीपन की दिक्कत नहीं होती है। वक्रासन के अभ्यास से शरीर की थकान दूर होती है। यह आसन पेट की मांसपेशियों को मजबूत करता है। धनुरासन योग पूरी तरह से पीठ को मोड़ने वाला योग है। इसकी वजह से शरीर की सभी मांसपेशियों में खिंचाव बनता है, यानी वो स्ट्रेच होती हैं।

## विचार

# विश्व शांति की परिकल्पना में आतंकवाद एक बड़ा अवरोध

**संजीव ठाकुर**

आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं। आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। विश्व में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 11 सितंबर 2001 आतंकवादी हमला मानव इतिहास की सबसे क्रूर तम हमला माना जाता है। पाकिस्तान के पेशावर जिले में आर्मी स्कूल में 150 मासूम बच्चों की निर्मम हत्या भी एक क्रूर आतंकवादी घटना है' भारत में 1993 में मार्च में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट इसी तरह दिसंबर 2001 में संसद भवन पर हमलावाराणसी बम विस्फोट, अहमदाबाद में बम विस्फोट, 2008 में मुंबई ताज होटल पर हमला,2016 में पठानकोट एयरबेस हमला, 2017 में अमरनाथ तीर्थयात्रियों हमला, 2019 में पुलवामा हमला आतंकवादी घटनाएं हैं जिससे मानवीय संवेदनाएं, शांति स्थापना की मूल धारणा की धज्जियां उड़ जाती है' भारत में तो नक्सलवाद भी आतंकवाद का एक वृहद रूप ले चुका है' आतंकवाद का सबसे भयानक रूप यह है की कोई भी देश यह नहीं जानता कि आतंकवाद का अगला निशाना कौन सा देश और कौन सी इमारत, रेलवे स्टेशन, वायुयान और कौन सा धार्मिक स्थल होगा' वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ असुरक्षा की भावना पूरी तरह व्याप्त हो चुकी है' आतंकवाद का सबसे विस्तृत और भयानक रूप अफगानिस्तान में सरकार का तख्तापलट का ही है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# एक इंसान दूसरे को गधा क्यूँ बोलता है ?

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**सुबह** मेरी नजर अचानक चाय की टेबल पर पड़े अखबार पर जा टिकी। जिस पर मोटे-मोटे अक्षरों में लिखा था 'गधे हड़ताल पर हैं' अखबार के सम्पादक जी ने कि यह खबर फ्रंट पेज की लीड स्टोरी बनयी थी। मैं सोच रहा था कि अखबार और टीवी वालों को, टीआरपी रोग से मुक्ति कब मिलेंगी। इनकी सोच कब दुरुस्त होगी। अब भला बताइए गधे क्यों हड़ताल करेंगे, उन्हें क्या तकलीफ है। अखबार का शीर्षक देख मुझे लगा कहीं आज पहली अप्रैल तो नहीं है। लेकिन जब खबर पर आगे बढ़ा तो पता चला कि गधों की मांग जायज हैं। यह बात 'आलइंडिया गधा असोसिएशन' की तरफ से उठाई गई है।

गधों का कहना है कि हम लोग इंसानों के सबसे वफादार हैं। मुझमें जितनी स्वामी भक्ति किसी में नहीं है, लेकिन इंसान हमें गधा समझता है। वह हर वक्त अपनी जाति के लोगों को हमारे 'शब्दनाम' का मुहावरा प्रयोग करता रहता है 'अबे तुम गधे हो' आखिर इंसान हमें इतना मूर्ख क्यों समझता है। वक्त गुजरने के साथ गधों का यह आंदोलन राष्ट्रव्यापी बन गया। आंदोलन की गम्भीरता को देखते हुए राष्ट्रीय मीडिया बगैर ब्रेक के गधों की हड़ताल को कवर करने लगा। गधों की तरफ से नीत नई मांग सामने आने लगी। गधों ने चुनाव आयोग से मांग रखी कि उनके लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों को ध्यान रखते हुए उन्हें राजनैतिक दल गठित करने के साथ वोट का अधिकार भी दिया जाय। हड़ताल पर गए 'आलइंडिया गधा असोसिएशन' के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मीडिया को बयान जारी कर कहा कि अगर चुनाव आयोग हमें राष्ट्रीय दल की मान्यता नहीं देता है तो यह संविधान में वर्णित अधिकारों की अवहेलना होगी। समता- समानता के अधिकारों की मुखालफत होगी। जरूरत पड़ी तो हम देश भर के गधे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए जंतर- मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। जब इंसान और उसके जातीय समूह अपने अधिकारों को लेकर दल , संगठन बना सकते हैं तो हम गधे क्यों नहीं। अब हम जाग गए हैं। अपना हक इंसानों को नहीं दे सकते। हमें इंसानों और दूसरे पशु- पक्षियों की तरह राष्ट्र की मुख्यधारा में लाना ही होगा। तभी भीड़ से नारा गूंज उठा। नाम हमारा ताज तुम्हारा, नहीं चलेगा- नहीं चलेगा।

# पेट दर्द के लिए सिर दर्द की गोली !

**डॉ. सुरेश कुमार**

**पहले** हमें हमारे सिवाय कोई दिखाई नहीं देता था। जहाँ देखो वहाँ हमीं हम बने रहने की बड़ी चुल मची रहती थी। वैसे वह चुल अभी भी है, लेकिन जब से कुकुरमुत्तों की तरह साहित्यिक संस्थाओं का जन्म हुआ है तब से मारा-मारी बढ़ गई है। हर कोई अपनी-अपनी संस्था रूपी दुकान खोले बैठा है। कोई आडंबरी के नाम से तो कोई ढोगांबरी के नाम से। इन सबका एक ही उद्देश्य है अपने एरिया का साहित्यिक डॉन बनना। इन सबको देखने के बाद दाऊद इब्राहिम मुझे महापुरुष सा प्रतीत होता है। हो न हो उसे डॉन बनने की प्रेरणा इन्हीं कुकुरमुतिया साहित्यिक संस्थाओं से मिली होगी। मैं दाऊद इब्राहिम की बहिन हसीना पार्कर जैसी हूँ। मेरे बिना मेरे एरिया में कोई साहित्यिक आयोजन तो क्या उसके बारे में सोच भी ले तो तुरंत उसके सपने में आकर उसकी हालत पतली कर देती हूँ। किंतु इधर कुछ दिनों से मेरे ही चेले चपाटों ने मेरी देखा-देखी अलग से दुकानें खोल रखी हैं। एक तरह से मेरे एकछत्राधिपत्य की बैंड बजा दी है। चूँकि मेरी दुकान सबसे पुरानी है, इसलिए मेरे ग्राहक रूपी साहित्यिक सदस्यों की कोई कमी नहीं है। इनमें तीन-चार मेरे सबसे विश्वस्त हैं। इनके बिना मैं कोई कार्य नहीं करती। एक तरह से ये मेरे गुर्गे हैं, जो दूसरी दुकानों में आने-जाने वाले ग्राहकों की जानकारी मुझसे साझा करते हैं। पिछले दिनों ढोगांबरी साहित्यिक संस्था की टुनटुना देवी ने राष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग विधाओं के लिए बिस्कुट के टुकड़े रूपी सम्मान बांटे जिससे इनकी दुकान पर नए-नए ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। कुछ ग्राहक तो मेरी ही दुकान के थे। यह तो सीधे-सीधे मेरी कोर कांपिटेंसी में हमला बोलने जैसा था। मुझसे यह देखा नहीं गया। कल की टुनटुना देवी चली है दादी को खांसी सिखाने। मैं यह सब करने में नंबर वन हूँ। शेर को शिकार, चील को उड़ना और मुझे आयोजन करना कोई नहीं सिखा सकता। यह कला तो मैं जन्मजात जानती हूँ। वह भूल रही है कि साधुन-दासी-चोरन-खांसी, प्रेम बिना के हासी। खुसरो वाकी बुद्धी विनासे, रोटी खाये जो बासी। यहाँ मेरे प्रपंच उस बासी रोटी के समान है जिसे खाकर टुनटुना देवी का दिमाग खराब हो गया है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 24 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# नहीं थम रहा संदेशखाली में बवाल

## अब ग्रामीणों ने तृणमूल कांग्रेस नेता को पीटा

**हंगामा**

▪ पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब खबर है कि ग्रामीणों ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक नेता अजीत मैती के साथ मारपीट की है। इसका वीडियो भी सामने आया है।

**बेरमाजपुर गांव में ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी:** संदेशखली के बेरमाजपुर गांव में भी आज ग्रामीणों ने अपना प्रदर्शन जारी रखा। पिछले दस दिनों से ज्यादा समय से इलाके में तनाव बना हुआ है। दक्षिण बंगाल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सुप्रतिम सरकार और बारासात रेंज के उप महानिरीक्षक भास्कर मुखर्जी अपनी टीम के साथ ग्रामीणों को शांत करने के लिए पहुंचे।

महिला ने पुलिस से पूछा- आप अब तक कहां थे? एक महिला प्रदर्शनकारी ने कहा, हम दर्द के मारे यह कह रहे हैं। वे (टीएमसी नेता शाहजहां शेख के सहयोगी) हमारे घरों में क्यों घुस रहे हैं? वे मेरे ससुराल वालों को धमका रहे हैं। वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? पुलिस ने स्थिति को शांत करने की कोशिश की और कहा कि वह स्थिति को हल करने के लिए कदम उठा रहे हैं। इस पर महिला ने सवाल उठाया, आप अब आ रहे हैं। आप पहले कहां थे?

**तथ्य जुटाने के लिए एनएचआरसी की टीम पहुंची:** इस बीच, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की एक टीम पीड़ितों से मिलने के लिए संदेशखाली के पतरापाड़ा पहुंची। टीम घटनास्थल पर पहुंचकर कथित हिंसक घटनाओं के तथ्यों का पता लगाने के लिए आई है। आयोग ने पाया है कि संदेशखाली की हालिया घटनाएं पहली नजर में मानवाधिकारों के उल्लंघन की ओर इशारा कर रही हैं, जैसा कि विभिन्न प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में रिपोर्ट किया गया है।

**एनएचआरसी ने दो हफ्ते के भीतर मांगी रिपोर्ट:** इससे पहले मंगलवार को एनएचआरसी ने पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया था। उनसे उस मामले में दो हफ्ते के भीतर मामले पर एक रिपोर्ट देने के लिए कहा गया था।

## 'शाहजहां की गिरफ्तारी तक खत्म नहीं करेंगे प्रदर्शन'

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** यौन उत्पीड़न और हिंसा के आरोपित फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां तथा उसके करीबी सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर संदेशखाली में शुक्रवार को महिलाएं फिर से लाठी और झाड़ू लेकर सड़कों पर उतर आईं। इससे इलाके में तनाव पैदा हो गया है। पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए संदेशखाली में दो ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में धारा 144 के तहत नए निषेधाज्ञा लगा दी है, जहां शुक्रवार सुबह से सबसे अधिक तनाव था। अतिरिक्त पुलिस निदेशक (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार भारी पुलिस दल के साथ हिंसा प्रभावित क्षेत्र में पहुंच गए हैं। उन्होंने प्रदर्शनकारी महिलाओं से सड़कों पर विरोध करने के बजाय जिला प्रशासन से संपर्क करने और अपनी शिकायतें दर्ज कराने की अपील की। दूसरे वरिष्ठ पुलिसकर्मियों ने भी प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया कि इस तरह के विरोध प्रदर्शनों से उनकी शिकायतों को दूर करने की प्रक्रिया में देरी होगी। ईडी और सीएपीएफ के जवानों पर पांच जनवरी की सुबह हमले के आरोपित मास्टरमाइंड शेख शाहजहां के छोटे भाई शेख सिराजुद्दीन के स्वामित्व वाले मछलीपालन फार्म के भीतर एक गोदाम को स्थानीय लोगों द्वारा जलाए जाने के बाद गुरुवार शाम से संदेशखाली में तनाव व्याप्त था। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने शुक्रवार को फरार तृणमूल कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी के अलावा, शाहजहां और उसके सहयोगियों द्वारा अवैध रूप से और जबरदस्ती कब्जा की गई कृषि भूमि को वापस करने की भी मांग उठाई।

# यूपी पेपर लीक की हो सीबीआई जांच: प्रियंका गांधी

**छात्रों में गुस्सा**

▪ यूपी पुलिस भर्ती में परीक्षा से पहले ही पेपर लीक हो गया। पेपर लीक मामले को लेकर भी छात्रों में गुस्सा है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर प्रदेश में पेपर लीक को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। लखनऊ और प्रयागराज में छात्र सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। यूपी पुलिस भर्ती में परीक्षा से पहले ही पेपर लीक हो गया। आरओ, एआरओ पेपर लीक मामले को लेकर भी छात्रों में गुस्सा है। इस बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने यूपी पेपर लीक की सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि दोषियों को खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'कांग्रेस ने यूपी में भर्ती विधान पेश किया था जिसमें पेपर लीक और भर्तियों में भ्रष्टाचार रोकने के प्रावधान रखे गए थे। पेपर लीक संकट को देखते हुए हमारी मांग है कि हाल में हुई दोनों पेपर लीक की घटनाओं की सीबीआई जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। एक परीक्षा कैलेंडर जारी हो, जिसमें विज्ञापन, परीक्षा, नियुक्ति की तारीखें दर्ज हों और इसका उल्लंघन होने पर सख्त कार्रवाई की जाए। भर्तियों के साथ आरक्षण में भ्रष्टाचार रोकने के लिए सामाजिक न्याय पर्यवेक्षक नियुक्त हों। युवाओं का भरोसा बहाल करने के लिए सभी परीक्षाओं के फॉर्म निशुल्क किए जाएं। परीक्षा देने के लिए युवाओं को फ्री बस और ट्रेन मुहैया कराई जाए।' कांग्रेस ने यूपी में भर्ती विधान पेश किया था जिसमें पेपर लीक और भर्तियों में भ्रष्टाचार रोकने के प्रावधान रखे गए थे। पेपर लीक संकट को देखते हुए हमारी मांग है- उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की ओर से आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को हजारों अभ्यर्थियों ने लखनऊ के ईको गार्डेन में प्रदर्शन किया।

# 'मैं भारत में आजाद और सुरक्षित हूं...'

## कश्मीरी पत्रकार ने ब्रिटिश संसद में पाक दुष्प्रचार तंत्र की उड़ाईं धज्जियां



**कड़ी निंदा**

▪ कश्मीरी कार्यकर्ता याना मीर ने भारत की छवि को धूमिल करने के लिए पाकिस्तानी दुष्प्रचार तंत्र की कड़ी निंदा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**लंदन:** कश्मीरी कार्यकर्ता याना मीर ने भारत की छवि को धूमिल करने के लिए पाकिस्तानी दुष्प्रचार तंत्र की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा है और वह वहां पूरी तरह से सुरक्षित और आजाद हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मीडिया से आग्रह किया कि वह केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को बांटना बंद करे। मीर ब्रिटेन की संसद की ओर से आयोजित 'संकल्प दिवस' में यह बयान दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि वह मलाला यूसुफजई नहीं हैं, जिन्हें आतंकवाद के गंभीर खतरों के कारण अपने देश (पाकिस्तान) से भागना पड़ा। उन्होंने कहा, भारत हमेशा आतंकवादी ताकतों के खिलाफ मजबूत और एकजुट रहेगा। पत्रकार याना मीर ने कहा, मैं मलाला यूसुफजई नहीं हूं। मैं अपने देश भारत में आजाद और सुरक्षित हूं। मेरी मातृभूमि कश्मीर भारत का हिस्सा है। मुझे कभी भी भागकर आपके देश में शरण लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मैं कभी मलाला यूसुफजई नहीं बनूंगी। मीर ने कहा, मुझे मलाला के बयानों पर आपत्ति हैं, क्योंकि वह मेरी प्रगतिशील मातृभूमि को पीड़ित कहकर बदनाम कर रही है।

## बस पलटी, कई घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलामू:** हुसैनाबाद के बच्चों को नबीनगर (बिहार) लेकर जा रही नबी नगर डीएवी पब्लिक स्कूल की बस शुक्रवार की सुबह गोगो ठेंगों गांव के समीप पलट गई। बस में सवार दर्जनों बच्चों को गंभीर चोट आई है। अन्य कई बच्चे मामूली रूप से घायल हैं। अभिभावकों का आरोप है कि दो बस के बच्चों को एक ही बस में ठूंस कर स्कूल ले जाया जा रहा था।

**नशे में था बस का चालक:** अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि बस का ड्राइवर शराब के नशे में था। उसे एक बार इसी वजह से हटाया भी गया था।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से नीदरलैंड की रक्षा मंत्री से द्विपक्षीय चर्चा के दौरान।




